# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 4 मई 2024





8 कांग्रेस की रक्षात्मक रणनीति!

मैट्रो

14 मौसम शुष्क अब पारा लेगा उछाल...


## बयान से बवाल : इंदौर में पटवारी के घर चूड़ियां लेकर महिलाएं पहुंची, बैतूल में काले झंडे दिखाए गए

### जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री इमरती देवी पर की थी अभद्र टिप्पणी

# पीसीसी चीफ पटवारी ने माफी मांगते हुए कहा- वे मेरी 'मां' जैसी इमरती ने डबरा थाने में एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज करा दिया

इमरती देवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी से जीतू पटवारी का प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा लेने की मांग भी की



विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



गुरुवार को ग्वालियर दौरे पर गए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर दिया एक बयान उनके गले की फांस बन गया। इसे लेकर ऐसा घमासान मचा कि जीतू द्वारा मांगी गई माफी भी काम नहीं आई। इमरती देवी ने बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डबरा थाने में एससी-एसटी एक्ट के तहत एफआईआर भी दर्ज करा दी। दूसरी तरफ भाजपा के प्रमुख नेताओं के साथ सभी महिला नेत्रियां मोर्चे पर डट गईं।

भाजपा महिला नेत्रियों ने कहा- यह कांग्रेस की घृणित मानसिकता

भाजपा ने निर्वाचन आयोग में की पटवारी की शिकायत

भाजपा ने किया पूरे प्रदेश में पटवारी के विरोध का ऐलान

### कृष्णा गौर, कविता पाटीदार, अर्चना चिटनीस, रीति पाठक ने बयान के लिए जीतू पटवारी और कांग्रेस को जमकर खरी-खोटी सुनाई



### इमरती बोलीं- कांग्रेसियों को सदबुद्धि दे भगवान



इमरती देवी ने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि कांग्रेसियों को सदबुद्धि दे। उन्होंने कहा कि एक दलित महिला के बारे में ऐसा बोलना शोभा नहीं देता है। मैं कुछ ज्यादा नहीं बोलना चाहती, क्योंकि उन्होंने मुझे सदैव बड़ी बहन कहा है। वह तो बहुत छोटे हैं। उनके बड़े नेता कमलनाथ मुझे आइटम कहते हैं। दिग्विजय सिंह टंच माल कहते हैं। मैं कहना चाहती हूं कि इमरती के खिलाफ बोलें, लेकिन उसकी इज्जत के खिलाफ नहीं। मैं एसपी के यहां जाऊंगी, एफआईआर कराऊंगी, उन्हें छोड़ूंगी नहीं। बाद में इमरती ने डबरा थाने में पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। इमरती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी से जीतू पटवारी का प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा लेने की मांग भी की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूछा...लड़की हूं, लड़ सकती हूं, कहने वाली प्रियंका कहां?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुझे यह सुनकर दुख होता है कि कांग्रेस के नेता महिलाओं के बारे में कैसी बात करते हैं। ये उनके लिए डूब मरने के बराबर है। अब, प्रियंका गांधी कहां हैं जो 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' की बात करती हैं? उन्हें अपने प्रदेश अध्यक्ष से इमरती देवी पर उनके बयान के बारे में पूछना चाहिए। महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस का चरित्र है। जीतू पटवारी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए।

### पहले लांघी शब्दों की मर्यादा, फिर मांगी माफी

ग्वालियर दौरे पर गए जीतू पटवारी से पूर्व मंत्री इमरती देवी के वायरल आडियो के बारे में सवाल पूछा गया था कि क्या वे कांग्रेस प्रत्याशियों की मदद कर रही हैं? पटवारी जवाब देते वक्त शब्दों की सारी मर्यादा लांघ गए। उनके बयान पर बवाल मचा तो उन्होंने सफाई देते हुए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मेरे एक बयान को तोड़ मरोड़ कर गलत संदर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### जीतू जहां जाएंगे काले झंडे दिखाएगी भाजपाः वीडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा विरोध प्रदर्शन करेंगे। जीतू का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वे जिस जिले में जाएंगे, वहां उन्हें काले झंडे दिखाए जाएंगे।

### कृष्णा गौर ने कहा पूरे अजा समाज का अपमान

*मंत्री कृष्णा गौर ने कहा है कि पटवारी ने इमरती देवी ही नहीं, बल्कि पूरे अनुसूचित जाति समाज का अपमान किया है। कांग्रेस का मूल चरित्र हमेशा से महिला विरोधी रहा है। कांग्रेस के पास महिलाओं का अपमान करने की डर्टी डिक्शनरी है। कांग्रेस पार्टी में महिला नेत्रियां ही असुरक्षित हैं। सोनिया, प्रियंका सहित कांग्रेसियों की चुप्पी क्या पटवारी के बयान पर मौन सहमति है? वहीं, इंदौर में राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने कहा कि यह देश की मातृ शक्ति का अपमान है।*

### आशीष ने कहा यह घृणित मानसिकता

*भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया (एक्स) पर कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की यह घृणित मानसिकता। जिन जीतू पटवारी को भाजपा की एक दलित नेत्री में ऐसा नजर आता है, क्या वही जीतू पटवारी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को भी इस नजर से ही देखते हैं?*

## मौसम विभाग का अनुमान : छतरपुर के खजुराहो और नौगांव में पारा 48 डिग्री तक पहुंच सकता है

भोपाल में तापमान 44 से 45 डिग्री के बीच रहने का अनुमान

# आज से दस शहरों में चलेगी लू, नरसिंहपुर रहा सबसे गर्म, यहां पारा 42 डिग्री पर दर्ज

### 6 और 7 मई को पूर्वी प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में गर्मी का असर तेज हो गया है। शुक्रवार को नरसिंहपुर में दिन का तापमान 42 डिग्री रहा। वहीं, उज्जैन, शाजापुर, टीकमगढ़ समेत 14 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। अधिकांश शहरों में दिन के पारे में 1 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई। चार और 5 मई को ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, खरगोन और खंडवा समेत 10 शहरों में में लू चल सकती है। मौसम वज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ईरान की ओर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है।



### शुक्रवार को गर्म रहे ये शहर

टीकमगढ़, उज्जैन-मलाजखंड में 40 डिग्री, शाजापुर में 40.1 डिग्री, गुना, शिवपुरी-खजुराहो में 40.2 डिग्री, सागर में 40.4 डिग्री, खंडवा में 41.1 डिग्री, खरगोन-रतलाम में 41.2 डिग्री और नरसिंहपुर में पारा 42 डिग्री रहा। भोपाल में 39.1 डिग्री, इंदौर में 39.7 डिग्री, ग्वालियर में 39.3 डिग्री, जबलपुर में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शादीशुदा कंप्यूटर इंजीनियर ने रचाई शादी

# दूसरी पत्नी को चलती ट्रेन में तीन तलाक बोलकर भागा

### रेलवे पुलिस ने महिला को कानपुर भेजा, वहीं केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी भोपाल के एक इंजीनियर ने चलती ट्रेन में अपनी पत्नी को तलाक दे दिया है। झांसी जंक्शन से पहले तक ट्रेन में दोनों पति-पत्नी की तरह थे। 26 साल की अफसाना को उसके 28 वर्षीय पति मोहम्मद अरशद ने चलती ट्रेन में तीन तलाक दे दिया है। उसके बाद ट्रेन से उतरकर चला गया। पत्नी का आरोप है कि तीन तलाक से पहले उसने ट्रेन में मारपीट भी की। सदमे की स्थिति में, अफसाना झांसी पहुंची और रेलवे पुलिस से संपर्क किया, जिसने उसे कानपुर देहात के पुखरायां वापस भेज दिया। पीड़ित अफसना ने पुखरायां थाना में केस दर्ज करवाया है, जहां से वह उसी दिन भोपाल के लिए ट्रेन में सवार हुई थी।

### 14 मई को वाराणसी से नामांकन दाखिल करेंगे पीएम मोदी



काशी में विशाल रोड शो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धुआंधार तरीके से प्रचार कर रहे हैं और उनकी अपनी संसदीय सीट यानी वाराणसी में सातवें फेज में वोटिंग होगी। ऐसे में पीएम मोदी 14 मई को नामांकन करने वाले हैं। पीएम मोदी दो दिन के वाराणसी दौरे पर होंगे और 13 मई को काशी की जनता के बीच पीएम मोदी एक बड़ा रोड शो भी होगा। पिछले चुनाव में भी नामांकन से पहले पीएम मोदी ने बड़ा रोड शो किया था, जिसमें आम लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली थी।

**कल अयोध्या जाएंगे पीएमः** रविवार को पीएम मोदी अयोध्या जाकर रामलला का दर्शन और पूजन करेंगे। पीएम शाम को करीब 7 बजे रामलला के दर्शन करेंगे और इसके बाद वह अयोध्या में रोड शो भी करेंगे। 5 मई को पौने तीन बजे इटावा पहुंचेंगे और पौने पांच बजे धारूहेड़ा जाएंगे।

### झेलम में बम की अफवाह को फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जबकि पुणे से जम्मू जाने वाली झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना एक यात्री ने दी। यात्री ट्रेन के जनरल कोच से उतरकर टीसी के पास पहुंचा और उसने बताया कि जनरल बोगी में उसने बम रखा देखा है। टीसी ने रानी कमलापति स्टेशन जीआरपी को सूचना दे दी।







जबलपुर
शनिवार, 4 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 19, अंक : 4
पृष्ठ : 14, मूल्य: 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 39
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**आईसीसी की टीम रैंकिंग जारी**

## भारत वनडे और टी20 में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट में मारी बाजी



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सालाना टीम रैंकिंग अपडेट जारी की। इसमें ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष स्थान पर है, जबकि भारत ने सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों, यानी वनडे और टी20 में अपना दबदबा बरकरार रखा है।




**खबर संक्षेप**

### पहली सीएनजी बाइक 18 जून को होगी लॉन्च



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो ने कहा है कि 18 जून को कंपनी की ओर से दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकिल लॉन्च की जाएगी। टेस्टिंग बाइक में एक बड़ा फ्यूल टैंक दिखाई देता है, जो डुअल फ्यूल सिस्टम की ओर इशारा करता है। कंपनी की आगामी पेशकश एक कम्यूटर होगी और ये 100-125 सीसी के आसपास होने की संभावना है।

### 20 मई के बाद आएंगे सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट



**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लगभग 39 लाख छात्र वर्तमान में अपने परिणामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए परिणाम जल्द ही जारी किए जाएंगे। बोर्ड के रिजल्ट पोर्टल पर लिखा है कि सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद जारी हो सकते हैं।

*अमेठी को न....राहुल गांधी ने वायनाड के बाद रायबरेली से भरा नामांकन, उनके अमेठी से लड़ने की थी चर्चा*

# खत्म पहेली...राहुल वायनाड टू 'रायबरेली'

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: डरो मत, भागो मत

रायबरेली की सीट पर न सिर्फ राहुल की मां सोनिया गांधी, बल्कि उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके दादा फिरोज गांधी भी कांग्रेस का परचम लहरा चुके हैं

**पीएम के बयान पर खरगे ने कहा कि** कि उनसे पूछिए, वो खुद ही भागकर वाराणसी आए न

**शाह ने कहा कि** कांग्रेस पार्टी के 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी, लेकिन इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली लोकसभा सीट से पार्टी ने आखिरकार राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतार दिया है।

उन्होंने शुक्रवार (3 मई) को नामांकन भी दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ सोनिया, प्रियंका, रॉबर्ड वाड्रा, अशोक गहलोत व मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। अमेठी से गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को कांग्रेस से उतारा गया।

**सात चरण में हो रहे लोकसभा** चुनाव के पांचवें चरण में इन दोनों सीट पर 20 मई को मतदान होगा

**प्रियंका ने कहा कि हम** अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं

**अमेठी से गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को कांग्रेस से उतारा गया**



**राहुल गांधी ने एक्स पर दी प्रतिक्रिया**

### मेरी मां ने भरोसे से मुझे परिवार की कर्मभूमि सौंपी

राहुल ने कहा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं प्रियंका ने कहा कि कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है। ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया; जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है। इस मुश्किल वक्त में, जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है।

**समीकरण में भी फिट बैठते हैं शर्मा**

गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा मृदुभाषी, सरल व्यक्तित्व, कुशल मैनेजर और मीडिया की चकाचौंध से दूर रहने वाले शख्स के तौर पर जाने जाते हैं। कांग्रेस के इंटरनल सर्वे में ये बात भी सामने आई थी कि कार्यकर्ता अपनों के बीच से ही कांग्रेसी प्रत्याशी चाहते थे, इसलिए वे भी खुश होंगे। जातीय समीकरण में भी किशोरी लाल फिट बैठते हैं। अमेठी में दलित (26 फीसदी), मुस्लिम (20 फीसदी) और ब्राह्मण (18 फीसदी) का दबदबा है। कांग्रेस को लगता होगा कि जातीय समीकरणों के हिसाब से केएल शर्मा को फायदा हो सकता है। गांधी परिवार ने भरोसा दिया है कि वो प्रचार के काम में किशोरी लाल शर्मा के साथ भरपूर साथ देंगे।

### सीएम डॉ. यादव बोले: वायनाड से हार की आशंका के कारण रायबरेली गए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हारकर केरल भाग गए थे। अब वायनाड से हार की आशंका मानकर पहले अमेठी का मन बनाते रहे। स्मृति ने जो 5 साल तक काम किया है। पिछले चुनाव में 5 विधानसभा में 4 में जमानत जब्त कराई। मैं अभी वहां दौरा करके आया हूं। नामांकन भराने मैं खुद गया था। यूपी का माहौल मोदीमय हो चुका है। पुराना रिकॉर्ड भी हम तोड़ने जा रहे हैं।

### स्मृति ने कहा- कांग्रेस ने मतदान से पहले ही हार मान ली



पश्चिम बंगाल में एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे जो अमेठी हारने के बाद वायनाड चले गए, वे रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने कहा, मैंने पहले कहा था कि राहुल गांधी वायनाड हार रहे हैं और वो नई सीट खोज रहे हैं। उनके चेले चपाटे कह रहे थे कि वो अमेठी से लड़ेंगे। लेकिन वो तो इतना डर गए हैं कि वायनाड से भागकर रायबरेली पहुंच गए हैं। वो देशभर में घूम-घूमकर कहते हैं कि डरो मत... डरो मत. आज मैं भी कहना चाहता हूं कि डरो मत... भागो मत। वहीं, केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने पहले ही उस निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। उन्होंने कहा कि अमेठी में गांधी परिवार का चुनाव मैदान में मौजूद न होना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस ने सीट पर मतदान से पहले ही अमेठी में अपनी हार स्वीकार कर ली है।

### शाह बोले- सोनिया गांधी 21वीं बार भी नहीं कर पाएंगी राहुल की लॉन्चिंग



गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार में चंद्रयान लॉन्च कर दिया, लेकिन सोनिया गांधी बेटे को बार-बार लॉन्च कर रही हैं और ये इक्कीसवां प्रयास है लेकिन वो सफल नहीं हो रहा है। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने परिवारजनों को सत्ता में बिठाने के लिए राजनीति करने वाले लोग देश की जनता का कभी भला नहीं कर सकते। पूरे देश के युवाओं का भला सिर्फ गरीब घर से आए प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि रायबरेली में भी भाजपा का उम्मीदवार ही जीतेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी, लेकिन इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा।










भारत और नाइजीरिया दोनों देशों ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर विशेष रूप से फोकस किया है। इससे दोनों देशों की आर्थिक प्रगति होगी। भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 11.8 अरब (बिलियन) अमेरिकी डॉलर रहा।

अब व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# भारत-नाइजीरिया के बीच जल्द होगा लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम एग्रीमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-नाइजीरिया संयुक्त व्यापार समिति का दूसरा सत्र अबुजा में आयोजित हुआ। भारत और नाइजीरिया दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए लोकल करेंसी सेटमेंट सिस्टम एग्रीमेंट को जल्द निपटाने सहमत हुए हैं। दोनों पक्ष लोकल करेंसी सेटमेंट सिस्टम एग्रीमेंट समझौते को शीघ्र ही अंतिम रूप देंगे।

इस दौरान डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस, औषधि क्षेत्र (फार्मास्यूटिकल्स) आदि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई। बता दें नाइजीरिया अफ्रीका क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा एवं प्रमुख व्यापारिक भागीदार है। भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 11.8 अरब (बिलियन) अमेरिकी डॉलर रहा।

- भारत-नाइजीरिया संयुक्त व्यापार समिति का दूसरा सत्र अबुजा में हुआ
- दोनों पक्षों के बाजार में पहुंच के मुद्दों को हल करने के खुलेंगे रास्ते

**द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 11.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा**

### अबुजा में व्यापार समिति की बैठक

मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत से 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, नाइजीरिया संघीय गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम और आर्थिक सलाहकार प्रिया पी. नायर ने 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अबुजा में अपने नाइजीरियाई समकक्षों के साथ एक संयुक्त व्यापार समिति की बैठक की। जेटीसी की सह-अध्यक्षता नाइजीरिया के संघीय उद्योग व्यापार और निवेश मंत्रालय के स्थायी सचिव, राजदूत नूरा अब्बा रिमी और अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य विभाग ने की।

### दोनों पक्षों का फोकस द्विपक्षीय व्यापार

दोनों पक्षों का फोकस द्विपक्षीय व्यापार और लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों पर रहा। दोनों पक्षों के बाजार में पहुंच के मुद्दों को हल करना और कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, औषधियां, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूनिफाईड पेमेंट इंटरफेस-यूपीआई), स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली, (लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम एग्रीमेंट) बिजली क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि तथा खाद्य प्रसंस्करण, परिवहन, रेलवे, विमानन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), विकास तथा शिक्षा आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।

### संबंधों को मजबूत करने पर सहमति

भारत और नीदरलैंड के बीच बीते गुरुवार को हेग में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के 12वें दौर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसी नवीन और उभरती प्रौद्योगिकियों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (वेस्ट) पवन कपूर ने किया, जबकि डच की तरफ से विदेश मंत्रालय के महासचिव पॉल हुइज्ट्स ने किया।

**खबर संक्षेप**

### पूर्णिमा ने जीता वन्यजीव संरक्षण का गोल्ड अवॉर्ड



**लंदन।** असम राज्य की वन्यजीव जीवविज्ञानी डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को लुप्तप्राय 'ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क' और उसके आर्द्रभूमि निवास स्थान के संरक्षण प्रयासों के लिए अग्रणी ब्रिटिश वन्यजीव धर्मार्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लंदन में डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को 'व्हिटली फंड फॉर नेचर' द्वारा व्हिटली गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। एक लाख ब्रिटिश पाउंड की राशि दी गई।

### अमेरिका ने कतर में तैनात किए घातक जेट



**दोहा।** ईरान के आक्रामक रुख और क्षेत्र के बदलते हालात को देखते हुए अमेरिका ने अपने लड़ाकू विमानों, सशस्त्र ड्रोनों और दूसरे एयरक्राफ्ट कतर में तैनात करने का फैसला लिया है। यूएई और दूरे खाड़ी देशों से ये जेट कतर में ट्रांसफर किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात ने अमेरिका द्वारा लंबे समय से इस्तेमाल किए जा रहे हवाई अड्डे का इस्तेमाल हमलों के लिए करने पर रोक लगा दी है।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा: षड़यंत्र के शिकार हो रहे श्रद्धालु, बरतें सावधानी

# हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर हो रही साइबर ठगी, 76 वेबसाइट ब्लॉक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चारधाम यात्रा जैसे-जैसे पास आ रही है, वैसे वैसे साइबर ठग भी सक्रिय होते जा रहे हैं। इस बीच प्रशासन भी मुस्तैद है। चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है।

एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने I4सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी।

चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपए की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं।

*"एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने I4सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी।"*



- यात्रा जैसे-जैसे पास आ रही वैसे-वैसे साइबर ठग सक्रिय
- फर्जी वेबसाइट के जरिए करते थे हेली सेवा बुकिंग
- साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से कर रहे धोखाधड़ी
- चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग अधिकारिक वेबसाइट पर करें

### आईआरसीटीसी से चार धाम हेलीसेवा की बुकिंग

लोगों को आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइट के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं।

**फर्जी वेबसाइट की शिकायत के लिए यह नंबर**

*यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। स्क्रीनशॉट के साथ शिकायत करें।*

### देश की सबसे बड़ी साइबर ठगी, चीन से निकला लिंक

*फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी सामने आई है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। अब तक साइबर ठगी के मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से अलग-अलग बैंकों की पासबुक और चेक बुक और सैकड़ों सिम काफी, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड सहित 14 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लड़की के साथ लगभग 7 करोड़ 59 लाख रुपए की थी। आरोपी स्टॉक मार्केट के नाम पर लालच देकर साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। लोगों को पहले स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में फंसाते हैं और फिर उनसे मोटी रकम वसूल कर उन्हें ठग लेते हैं। यह लोग पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं।*

**अब दे रहा रिश्तों दी दुहाई**

# बाइडेन ने भारत पर लगाया बड़ा आरोप, डैमेज कंट्रोल में अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा भारत पर बड़ा आरोप लगाने के बाद अब अमेरिका डैमेज कंट्रोल मोड में है। एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो बाइडेन ने कहा था कि भारत, जापान, रूस और चीन वे देश हैं जो विदेशियों से द्वेष रखते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरह इनमें से कोई देश अप्रवासियों का स्वागत नहीं करता। बाइडेन ने भारत को 'जेनोफोबिक' कहा था। यहां जेनोफोबिक का मतलब बाहरी लोगों के डर से था। यानी बाइडेन कहना चाह रहे थे कि भारत को बाहरी लोगों से डर लगता है इसलिए वह उन्हें अपने यहां पनाह नहीं देता है। अब अमेरिका ने इस बयान पर सफाई दी है।



### अप्रवासियों का होना कितना जरूरी!

उन्होंने कहा कि बाइडेन ने एक व्यापक बिंदु पर टिप्पणी की थी कि देश में अप्रवासियों का होना कितना जरूरी है और कैसे इनके कारण हमारा देश मजबूत बनता है। वह इस बारे में बात कर रहे थे। पियरे ने कहा कि भारत और जापान के साथ निस्संदेह हमारे संबंध मजबूत हैं। बाइडेन ने चुनाव के लिए चंदा एकत्र करने के लिए कहा था कि यह चुनाव आजादी, अमेरिका और लोकतंत्र के बारे में है। इसलिए मुझे आपकी सख्त जरूरत है। आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण आपकी और कई अन्य लोगों की वजह से है। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडेन ने कहा कि इसके बारे में सोचें। चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह ठहर सा क्यों रहा है? जापान को क्यों परेशानी हो रही है? रूस क्यों है? भारत क्यों है? क्योंकि वे विदेशियों से द्वेष हैं। वे अप्रवासियों को नहीं चाहते। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। कोई मजाक नहीं। हमारे पास ऐसे कार्यकर्ताओं की आमद है जो यहां रहना चाहते हैं और योगदान देना चाहते हैं।

### व्हाइट हाउस ने किया बचाव

*व्हाइट हाउस ने रूस, चीन, भारत और जापान को 'विदेशियों से द्वेष रखने' वाला बताने संबंधी बाइडेन के बयान का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका अप्रवासियों का देश है और कोई अन्य देश अप्रवासियों का उस तरह स्वागत नहीं करता, जैसे अमेरिका करता है। गौरतलब है कि भारत और जापान क्वाड के सदस्य हैं। इस चार सदस्यीय रणनीतिक समूह में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति एक व्यापक बिंदु पर बात कर रहे थे। हमारे सहयोगी और साथी बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि राष्ट्रपति उनका कितना सम्मान करते हैं। वहीं अमेरिका और जापान के भी संबंध महत्वपूर्ण हैं।*

**पुलिस की गाड़ी से हुई जोरदार टक्कर**

# हत्यारी बनी कनाडा पुलिस, एक गलती ने ले ली चार भारतीय दंपती की जान

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा घूमने गए भारतीय दंपति और उनके तीन महीने के पोते समेत 4 लोग उस समय सड़क हादसे का शिकार हो गए, जब ओंटारियो पुलिस की एक गाड़ी शराब की दुकान से लूट को अंजाम देने वाले संदिग्ध को पकड़ने के लिए गलत रास्ते पर आ गई और 6 वाहनों की टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि टोरंटो से करीब 50 किलोमीटर पूर्व व्हाइटबाय में राजमार्ग 401 पर हुई दुर्घटना में कई वाहनों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोगों में 60 वर्षीय एक पुरुष और 55 वर्षीय एक महिला भी शामिल है, जो भारत से आए थे। दंपति का तीन महीने का पोता भी इस हादसे में मारा गया।



### पाकिस्तान: खाई में गिरी बस, 20 लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में बड़ा हादसा हुआ है। शुक्रवार को पाक के उत्तर-पश्चिम में गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर एक यात्री बस के फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में 20 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। बचाव के प्रयास जारी हैं तथा घायलों और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि बस में कितने यात्री सवार थे।

**कई इलाकों में बाढ़, हालात होने लगे बेकाबू**

# ब्राजील में मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही, 29 की मौत



एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

ब्राजील के कई इलाकों में इस वक्त मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ आ गई है और हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। हालात ये हैं कि ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बृहस्पतिवार रात बढ़कर 29 हो गई जबकि 60 अन्य लोग अब भी लापता हैं।

### लोगों की हरसंभव मदद करेगी सरकार

*ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने स्थानीय अधिकारियों से मिलने और अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए राज्य का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस बारिश से प्रभावित हुए लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी सरकार हरसंभव कोशिश करेगी।*

**एक्शन मोड में अमेरिकी पुलिस**

# इजराइल के विरोध में प्रदर्शन करने वाले 2100 से अधिक छात्र गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ एंजिलिस

अमेरिका के विभिन्न कॉलेज परिसरों में फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन जारी है। इस बीच प्रदर्शन में शामिल 2100 से अधिक लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कॉलेज परिसरों में लगे तंबुओं और प्रदर्शनकारियों द्वारा कब्जा की गई इमारतों को भी खाली करा दिया है। कोलंबिया विश्वविद्यालय से प्रदर्शनकारियों को हटाने एक पुलिस अधिकारी ने गोली भी चलाई, हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि गोली किसी को निशाना बनाकर नहीं चलाई गई थी।



### शांतिपूर्ण असहमति लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग: बाइडेन

प्रदर्शन को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विरोध जताने के अधिकार का बचाव किया, लेकिन कहा कि 'व्यवस्था बनी रहनी चाहिए'। लोकतंत्र के लिए असहमति जरूरी है। लेकिन असहमति जताते समय कभी भी अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। शांतिपूर्ण असहमति लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण अंग है, लेकिन बर्बरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपत्ति नष्ट करना शांतिपूर्ण विरोध नहीं है।

**पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर 'सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड' रहा**

# वह झगड़े का बीज बोता है... भारत ने यूएन में पाकिस्तान को लगाई लताड़

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा नयी दिल्ली के खिलाफ दिए गए बयान को विनाशकारी एवं हानिकारक बताया और उसे तीखा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर 'सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड' रहा है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने 'शांति की संस्कृति' पर महासभा में संबोधन के दौरान कश्मीर, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मामलों का जिक्र करते हुए भारत के खिलाफ लंबी टिप्पणी की थी जिस पर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कंबोज ने कहा कि महासभा में हम आखिरी बात यह कहना चाहते हैं कि जब हम इस चुनौतीपूर्ण समय में शांति की संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं तो ऐसे समय में हमारा ध्यान रचनात्मक वार्ता पर केंद्रित रहता है इसलिए हमने उन टिप्पणियों को दरकिनार करने का विकल्प चुना जिनमें मर्यादा का अभाव है।



कृत्यों के खिलाफ वैश्विक समुदाय को प्रतिक्रिया देनी चाहिए | सद्भाव के सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है पाक

## सदस्य देश वास्तव में शांति की संस्कृति को बढ़ावा दें

### हम कूटनीति के सिद्धातों को प्रोत्साहित करेंगे

उन्होंने कहा कि हम उस प्रतिनिधि को सम्मान और कूटनीति के उन केंद्रीय सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करेंगे जिन्हें हमेशा हमारी चर्चाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए या फिर क्या उस देश से यह अपेक्षा करना बहुत ज्यादा है जिसका स्वयं सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। आतंकवाद शांति की संस्कृति और सभी धर्मों की उन मूल शिक्षाओं का प्रत्यक्ष विरोधी है, जो करुणा, समझ और सह-अस्तित्व की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह झगड़े के बीज बोता है, शत्रुता पैदा करता है और सम्मान एवं सद्भाव के उन सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है।

### भेदभाव, हिंसा पर ध्यान दें

कंबोज ने कहा कि दुनिया को भू-राजनीतिक तनाव और असमान विकास के कारण बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। धर्म या विश्वास के आधार पर बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। पवित्र स्थलों पर बढ़ते हमलों से हम विशेष रूप से चिंतित हैं। ऐसे कृत्यों के खिलाफ वैश्विक समुदाय को त्वरित और एकजुट होकर प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

### भारत विभिन्न समुदायों की खुशियों का मनाता है जश्न

उन्होंने कहा कि भारत न केवल हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म का जन्मस्थान है, बल्कि इस्लाम, यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और पारसी धर्म का भी गढ़ है। यह धर्म के आधार पर उत्पीड़न का शिकार हुए लोगों के लिए ऐतिहासिक रूप से शरणस्थली रहा है। धार्मिक और भाषाई विविधता के साथ भारत का सांस्कृतिक ताना-बाना सहिष्णुता और सह-अस्तित्व का एक प्रमाण है। दिवाली, ईद, क्रिसमस और नवरोज जैसे त्यौहार धार्मिक सीमाओं से परे हैं तथा ये विभिन्न समुदायों की साझा खुशियों का जश्न मनाते हैं। भारत ने 'शांति की संस्कृति पर कार्रवाई के कार्यक्रम और घोषणा का अनुसरण' प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए बांग्लादेश की सराहना की।

**अमेरिका संग तेज हुई स्पेस रेस**

# चीन ने लॉन्च किया चांग ई-6 मून मिशन, लाएगा 2 किलो नमूने

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने अमेरिका के खिलाफ अपनी स्पेस रेस को आगे बढ़ाते हुए चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके लिए चीनी अंतरिक्ष एजेंसी ने चांग ई-6 रोबोटिक लूनर एक्सप्लोरेशन मिशन को वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से सुबह 5.37 बजे ईटी पर सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह मिशन 53 दिनों तक चलने की उम्मीद है, जिसमें चांग ई-6 का रोबोट विश्लेषण के लिए चंद्रमा के अंधेरे इलाके से 2 किलो चंद्र नमूने एकत्र करेगा।



### अमेरिका-चीन में होड़

*अमेरिका और चीन चंद्रमा को लेकर अंतरिक्ष मिशन लॉन्च कर रहे हैं। चंद्रमा की सतह अमेरिका और चीन समेत कई देशों के लिए एक रणनीतिक लक्ष्य है जो पृथ्वी से परे अपने लोगों तक पहुंच बढ़ाने की होड़ में हैं। चीन का लक्ष्य 2030 के अंत तक मनुष्यों को चंद्रमा पर लाना है।*

### हाईकोर्ट ने दिए एफआईआर निरस्त करने के आदेश

# पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध अपराध नहीं

**जबलपुर। हाईकोर्ट जस्टिस जीएस आहलूवालिया ने अपने अहम फैसले में कहा है कि पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध स्थापित करना अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। एकलपीठ ने पति के खिलाफ दर्ज धारा 377 तथा 506 के तहत दर्ज की गयी एफआईआर को निरस्त करने के आदेश जारी किये है।**



याचिकाकर्ता पति की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उसकी शादी मई 2019 में नरसिंहपुर निवासी युवती से हुई थी। उसकी पत्नी साल 2020 से अपने मायके में है। इस दौरान पत्नी ने उसके तथा परिजनों के खिलाफ दहेज प्रताडन्ना का प्रकरण दर्ज करवाया था, जो लंबित है। उसने भी तलाक की मांग करते हुए कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर में आवेदन दायर किया है। याचिका में कहा गया था कि पत्नी ने उसके खिलाफ जुलाई 2022 में अप्राकृतिक यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए नरसिंहपुर में एफआईआर दर्ज करवाई थी। नरसिंहपुर पुलिस ने शून्य के तहत प्रकरण दर्ज कर कोतवाली थाना जबलपुर स्थानांतरित कर दिया। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उसके खिलाफ धारा 377 तथा 506 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया। एफआईआर में कहा गया है कि विवाद के बाद उसने कई बार महिला के साथ अप्राकृतिक तरीके से यौन शोषण किया। पत्नी द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई एफआईआर में इसका उल्लेख नहीं किया गया है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि वयस्कों के बीच सहमति से स्थापित किये गये अप्राकृतिक यौन संबंध अपराध नहीं है। एकलपीठ ने बलात्कार के संबंध में संशोधित नियमों का हवाला देते हुए कहा कि 15 साल से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौन संबंध स्थापित करना अपराध नहीं है। एकलपीठ ने पाया कि मामले में सहमति का अभाव नहीं होने के कारण मामला बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है। एकलपीठ ने एफआईआर निरस्त करने के आदेश जारी किये है।

## माध्यमिक शिक्षक भर्ती चयन अंतिम निर्णय के अधीन - मप्र कर्मचारी चयन मंडल व अन्य 15 दिन में पेश करें जवाब : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के तहत होने वाले चयन को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। मामला दो प्रश्नों के गलत विकल्प से जुड़ा है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मप्र कर्मचारी चयन मंडल व अन्य से 15 दिन में जवाब तलब किया है।निवाड़ी के रहने वाले भगवत नारायण गुप्ता की ओर से अधिवक्ता धीरज कुमार तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मंडल द्वारा उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती-2023 के तहत 5 सौ पदों पर चयन के लिए परीक्षा आयोजित की थी। उन्होंने बताया कि हिन्दी के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। दलील दी गई कि परीक्षा में पूछे गए दो प्रश्नों के गलत विकल्प दिए गए थे। इस संबंध में कर्मचारी चयन मंडल के चेयरमैन को आपत्ति पेश की गई। मंडल की ओर से आपत्ति को अमान्य कर दिया गया। उनका कहना है कि मानक पुस्तकों के उत्तर और मंडल की उत्तर पुस्तिका में अंतर है। याचिकाकर्ता ने भी उक्त पद के लिए आवेदन किया था। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बावजूद उसका नाम मेरिट लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। याचिका में मांग की गई कि उक्त दो प्रश्नों को निरस्त किया जाए और नए सिरे से मेरिट लिस्ट तैयार की जाए।



# निर्माताओं से लिये मसालों के नमूने

**जबलपुर।**

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार मसालों की जाँच के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्थानीय मसाला निर्माण इकाईयों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षण हेतु नमूने एकत्र किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुकृपा इंडस्ट्री आधारताल, शोभा गृह उद्योग करमेता एवं स्मिता गृह उद्योग गढ़ा फाटक से धनिया पावडर, मिर्च पावडर, हल्दी पावडर एवं गरम मसाले के नमूने लिये गये। इन सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। इसके पहले गुरुवार को अंजना गृह उद्योग रिछाई, आर एस फूड ग्वारीघाट एवं साक्षी गृह उद्योग लालमाटी से तथा बुधवार को शांति मसाला गढ़ा और वीआईपी इंडस्ट्रीज अधारताल का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मसालों के नमूने एकत्र किये गये थे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पँकज श्रीवास्तव के अनुसार मसाले बनाने वाली स्थानीय इकाइयों के अतिरिक्त एमडीएच, एवरेस्ट आदि विभिन्न ब्रांड के मसाले के भी कई नमूने जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 22 अप्रैल से शुरू हुआ मसालों की जाँच अभियान आगामी आदेश तक लगातार जारी रहेगा। श्रीवास्तव ने बताया कि मसाला निर्माण इकाईयों के निरीक्षण की कार्यवाही उनके साथ-साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका दीक्षित, संजय कुमार गुप्ता, श्रीमती माधुरी मिश्रा एवं विनोद कुमार धुर्वे द्वारा की जा रही है।



# देश में चुनावी शोर के बीच जबलपुर में खामोशी

### चुनावी चर्चा से आम शहरवासियों ने बनाई दूरी!

**जबलपुर।**

कहां किसने क्या कहा, किस सीट पर किसका बोलबाला, कौन सीट हॉटशीट, किस नेता का इस चुनाव में बोल बाला.. ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, जबलपुर में चुनावी चर्चाएं सुनाई नहीं दे रही हैं। चुनावी चर्चाओं के लिये मशहूर मालवीय चौक बड़ा फुहारा, कमानिया, बड़ा पत्थर, गोहलपुर, गोरखपुर आदि क्षेत्रों में चुनाव को छोड़कर सबकी चर्चा है। पत्रकारों से लेकर सामाजिक चिंतकों तक सब हैरान हैं और कहते नजर आ रहे हैं ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, जब आमजन में चुनाव को लेकर दिलचस्पी बहुत कम है। वो लोग जिनके लिये राजनीति ओढ़ना बिछौना है, ऐसे लोग भी राजनीतिक चर्चा में दिलचस्पी नहीं ले रहे। विशेषज्ञों का कहना है यह स्थिति जबलपुर सहित पूरे मध्य प्रदेश की है। जनता में चुनावी माहौल गर्म करने के लिये नेताओं ने उलूल जुलूल बयान देना शुरु किया, लेकिन उन बयानों पर भी जबलपुर में चर्चा सुनाई नहीं दी। अब देखना दिलचस्प होगा कि जबलपुर और मध्य प्रदेश में चुनावी खामोशी किसके पक्ष में और किसके खिलाफ जाने वाली है।

#### मालवीय चौक से मिलौगंज शांत

शहर का राजनीतिक केन्द्र माने जाने वाले मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, कोतवाली, मिलौनीगंज आदि क्षेत्र में चुनावी चर्चा यही से शुरु और यही खत्म हो रही है कि देखते हैं 4 जून को क्या होता है। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि देश में चुनाव चल रहे हैं, लेकिन शहर में चुनावी चर्चाएं न के बराबर हैं।

#### नेताओं को मिली जिम्मेदारी

भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता और नेता अपने अपने रोजगार कारोबार में व्यस्त हैं। जिला स्तर के नेताओं को उन क्षेत्रों की जिम्मेदारी दे दी गई है, जहां चुनाव होने हैं।

## मतगणना की तैयारी में जुटा प्रशासन

प्रशासन में शुक्रवार से प्रशासन भी मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक जबलपुर संसदीय क्षेत्र के मतों की गणना 4 मई को सुबह 8 बजे से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन एवं कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के भवन में की जायेगी। जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिये ईव्हीएम पर डाले गये मतों की गणना विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के चुनाव में ईव्हीएम में डाले गये मतों की गिनती के लिये कुल 138 टेबल लगाने की अनुमति प्रदान की है।

### आरोपी भागा, 11 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त

# रांझी में अवैध रिफिलिंग सेंटर पर छापा

**जबलपुर।**

खजरी खिरिया में ब्लॉस्ट के बाद अवैध गैस रिफलिंग सेंटरों में कार्रवाई की जा रही हैं। रांझी पुलिस ने मोहनिया में आटो में अवैध रुप से घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफलिंग करा रहे एक आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया, वहीं गैस रिफलिंग करने वाला आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 11 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रानिक तराजू एवं 1 विद्युत मोटर तथा गैस रिफलिंग के नगदी 2 हजार 520 रूपये एवं आटो जब्त किया है। रांझी थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि बेलबाग टोरिया निवासी 30 वर्षीय अभिषेक सोनकर गत रात घरेलू गैस सिलेण्डर से मोटर मशीन पाईप लगाकर बड़ा पत्थर रांझी निवासी 27 वर्षीय आटो चालक मनीष साहू की आटो क्रमांक एमपी 20 आर 7224 में गैस रिफलिंग कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर गैस रिफलिंग कर रहा आरोपी अभिषेक सोनकर मौके से फरार हो गया वहीं आटो चालक मनीष साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आटो जब्त कर लिया है। वहीं मौके से पुलिस ने एचपी कम्पनी के 11 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रिक तौल कांटा, गैस भरने का मोटर पम्प और नगदी 2 हजार 520 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 285 तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी अभिषेक सोनकर फरार है।

## पत्रकारिता दिवस मनाया

**जबलपुर।** धर्म है पत्रकारिता श्रेष्ठ मानवता की रक्षा का सशक्त शक्ति अनुपम ईश्वर स्वरूपी रक्षक उत्तम उपहार है पत्रिका, धर्म है धर्म राष्ट्र का प्रमुख शुभचिंतक प्रमुख रक्षक मानवता श्रेष्ठतम जनशक्ति को जागृत करने वाला सशक्त मार्गदर्शक एक ऐसी आवाज जिसके लिए शब्दों में भी पिरोया नहीं जा सकता, हर हाल में न्याय दिलाने का एकमात्र जनता की आवाज पत्रकारिता है पत्रकारिता दिवस पर समाज के महानायक जो ईश्वर की तरह आदर्श से शब्दों के माध्यम से कलम को आत्मा बनकर जन-जन को जागृत करने वाले महान पत्रकारों के चरणों में शत-शत नमन, जय हिंद जय भारत पत्रकारिता दिवस की ढेर सारी बधाई, समाज को जगत पहरी, कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच धनुष यज्ञ रामलीला समिति की ओर से शत-शत नमन।

## प्रफुल्ल सक्सेना डॉ. आंबेडकर सेवा सम्मान से सम्मानित

**जबलपुर।** शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को सुधारने तथा निःस्वार्थ समाज कल्याण हेतु संघर्षरत अभिभावक संघ के जिला अध्यक्ष तथा पृथक महाकोशल राज्य मोर्चा के व्यापारी विंग प्रदेश अध्यक्ष, आरटीआई विंग जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल सक्सेना को संगम फाउंडेशन कोटा राजस्थान द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर जयंती के सुअवसर पर सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है।

### जांच एजेंसियों की रिपोर्ट पर टिका पूरा मामला

# सुल्तान के बाद रिमांड खत्म होने पर फहीम भी जेल पहुंचा

**जबलपुर।**

खजरी खिरिया में शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने में 25 अप्रैल को हुए ब्लॉस्ट के बाद पुलिस ने अब शमीम के पुत्र फहीम खान और पार्टनर सुल्तान अली को पुलिस रिमांड में लिया था। सुल्तान अली की रिमांड खत्म होने पर पहले ही उसे जेल भिजवा दिया था और फहीम खान को दो दिन की और रिमांड पर ले लिया था। 3 मई शुक्रवार को फहीम की रिमांड खत्म हो गई और उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल में दाखिल करा दिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान दोनों से पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली। फहीम एक ही बात कहता रहा कि मुझे कुछ नहीं पता सब कुछ पिताजी करते है। हालांकि शमीम के पार्टनर सुल्तान अली के पूछताछ के बाद पुलिस ने कई और कबाड़ियों का पता लगाया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि बम कहां से आया और कैसे फूटा? सवाल एक यह भी है कि यदि कबाड़ियों के पास आयुध निर्माणियों से स्क्रैप खरीदने का लायसेंस है तो स्क्रैप में जिंदा बम कैसे आया, अब यही एक बड़ा सवाल बचा है। पुलिस सहित राष्ट्रीय एंजेसियां हादसे की छानबीन में लगी रही। इस बीच आरोपी शमीम कबाड़ी फरार होने में सफल हो गया। अब सबकी नजर एनएसजी और एनआईए की रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं। जो 15 मई तक आने की संभावना है।

#### शमीम की तलाश जारी

घटना के बाद से फरार शमीम कबाड़ी की पुलिस लगातार तलाश कर रही है। शमीम की तलाश में पुलिस ने कई शहरों में छापेमारी की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका यह बात भी सामने आई है कि यूपी के आमला शहर से एयरफोर्स के विस्फोटक आए थे। यह भी संभावना जताई जा रही है कि शमीम उत्तरप्रदेश में हो सकता है। पुलिस ने उप्र के आमला, प्रयागराज सहित कई जगहों पर छापे मारी की है।

#### फहीम की रिमांड खत्म, जेल भेजा गया

विस्फोट कांड में आरोपी बनाए गए रजा मेटल्स इंडस्ट्री के संचालक फहीम खान की पुलिस रिमांड 3 मई को पूरी होने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। इसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि पुलिस ने पहले पांच दिन और उसके बाद दो दिन की रिमांड ली थी। पूछताछ में पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली है। पूरे मामलें का रहस्य शमीम की गिरफ्तारी के बाद ही पता चलेगा।

## नदी में डूबने से दो बहनों की मौत पर मुआवजा की क्या कार्रवाई हुई?

**जबलपुर।** जिले के खमरिया ग्राम में गत दिनों दो बहनों के नदी में डूबने के कारण मृत्यु होने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार जब दोनों बहनें नदी में नहाने के लिये गई थी, तब घर वापस नहीं लोटने पर, परिजनों ने उनकी तलाश की, तो उनका शव नदी में मिला। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टण्डन द्वारा सुनवाई पश्चात जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतकों के वैध उत्तराधिकारियों को शासन की योजना के नियमानुसार देय आर्थिक सहायता राशि के सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की गई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### तीन को घायल कर खुद पर चलाए चाकू, पकड़ा गया

# पुलिस हिरासत से भागकर बीवी की हत्या करने पहुंचा इमरान

**जबलपुर।** बीते माह 9 अप्रैल को अपनी बीवी पर हमला करने और साली की हत्या करने के आरोप में जेल में बंद इमरान, पुलिस हिरासत से भाग कर हनुमानताल थाना अंतर्गत हड्डीगोदाम क्षेत्र में अपनी बीवी नाजिया की हत्या करने पहुंचा। जहां इमरान ने अपनी पत्नी पर चाकू चलाए, बचाने आए दो पड़ोसियों को घायल किया और खुद को भी घायल किया। पड़ोसियों ने किसी तरह इमरान को काबू किया, तब तक हनुमानताल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इमरान को गिरफ्तार करके ले गई। नाजिया को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं इमरान को पुलिस की निगरानी में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दो अन्य घायलों का भी इलाज किया जा रहा है। इमरान पुलिस की हिरासत से कैसे भागा इसकी जांच के आदेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दे दिये हैं। अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक सोनाली दुबे ने कहा इमरान कैसे भागा इसकी जांच के आदेश दिये गये हैं। डयूटी के दौरारन जिसने भी लापरवाही की है, उसपर सख्त कार्यवाही होगी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार साली की हत्या के आरोप में जेल में बंद इमरान की दो दिन पहले जेल में तबियत खराब हो गई थी। जिसे शुक्रवार को इलाज के लिये मेडिकल अस्पताल लाया गया था। यहां वो पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। मेडिकल से भाग कर इमरान सीधे हड्डी गोदाम अपनी ससुराल पहुंचा। इमरान के हाथ में चाकू देखकर नाजिया ने दरवाजा बंद कर लिया और पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसी एकत्रित हुये, आग बबूला इमरान ने अपनी पत्नी पर चाकू से वार किया। बचाने आए दो अन्य लोगों को घायल किया और खुद को घायल किया। किसी तरह पड़ोसियों ने इमरान पर काबू पाया और मौके पर पहुंची हनुमानताल पुलिस को सौंप दिया।

#### की थी साली की हत्या

गौरतलब है कि 09 अप्रैल मंगलवार रात 11 बजे इमरान हड्डीगोदाम अपने ससुराल पहुंचा था। जहां नाजिया से विवाद कर उसने चाकू से उसपर हमला कर दिया था। नाजिया की बहन आयशा अपनी बहन को बचाने दौड़ी तो इमरान ने उस पर भी वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। खून से लथपथ दोनों बहनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत आयशा को मृत घोषित कर दिया। वहीं नाजिया की जान बच गई थी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## 11 को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी जोरों पर

**जबलपुर।** आगामी शनिवार, 11 मई को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी जारी है। इस सिलसिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में प्रारंभिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सचिव जिला न्यायाधीश अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारवार्ता में बताया कि विगत दिनों जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान मुख्य रूप से इसी बिंदु पर मंत्रणा हुई थी कि कैसे राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिक से अधिक पक्षकारों के लिए लाभकारी बनाया जाए। अधिक से अधिक मुकदमों का परस्पर सहमति से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने नेशनल लोक अदालत में सफलता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया था।

# कलेक्टर ने एक को किया जिला बदर दूसरे को थाना हाजिरी का आदेश

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 4, 5, 6 के अंतर्गत अनावेदक सोहरी उर्फ संतोष गोटिया पिता सुंदरलाल गोटिया, उम्र 29 वर्ष, निवासी रेल्वे स्टेशन के पास थापा भेड़ाघाट जिला जबलपुर को पांच माह की अवधि के लिये जिला बदर के आदेश दिये है। आदेश में उन्होंने कहा है कि जिला जबलपुर एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले मडला, डिण्डौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर अनावेदक इस आदेश की प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर उक्त दर्शित जिलों की सीमाओं से बाहर चला जाये एवं अपने आचरण में सुधार लाने का प्रयत्न करे। साथ ही उक्त जिलों की सीमाओं में अपने जिला बदर की कालावधि तक सक्षम न्यायालय, अधिकारी की अनुमति के बगैर प्रवेश न करें। उपरोक्त जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति के लिये छूट रहेगी। यदि अनावेदक वर्तमान में जेल में निरुद्ध है तो उक्त आदेश जेल से छूटने के बाद प्रभावशील होगा।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 4, 5, 6 के अंतर्गत राशिद उर्फ पप्पू पिता मंसूर अहमद उम्र 42 वर्ष, निवासी बड़ी मदार टेकरी, थाना हनुमानताल, जिला जबलपुर को आगामी छः माह की कालावधि तक प्रत्येक माह की 15 एवं 25 तारीख को थाना हनुमानताल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिये है।

सीएम राइज स्कूल की नवीन बिल्डिंग निर्माण का मामला

# आखिर कब बनकर तैयार होगा भवन

**सिहोरा।** शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा किए जा रहे प्रयोगो का लाभ समय सीमा में पूर्ण न होने के कारण छात्रों को मिलता नजर नहीं आ रहा निजी शैक्षणिक संस्थाओं के मुकाबले बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने स्कूल शिक्षा विभाग ने सी एम राइज स्कूल तो प्रारंभ कर दिए लेकिन पुराने भवनो में पुराने शिक्षकों के साथ संचालित शालाओं में शैक्षणिक व्यवस्था पुराने ढर्रे पर ही चल रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में पहली से बारहवीं तक संचालित किया जाना था लेकिन अभी भी केवल हिंदी माध्यम में परम्परागत कला विज्ञान एवं गणित संकाय की कक्षा संचालित की जा रहे हैं जिसके कारण अंग्रेजी माध्यम की निजी शैक्षणिक संस्थाओं की मोनोपोली अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। शासकीय स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन अब दिव्य स्वप्न सा प्रतीत होने लगा है।

सीएम राइज स्कूल भवन को बनने में अभी 6 महीने का समय और लग जाएगा। सीएम राइज स्कूल भवनों का निर्माण कार्य जिस गति से जारी है, उसे देख कर लगता नहीं है की नए सत्र की तो बात ही छोड़ दें आगामी सत्र में भी नए भवनों में कक्षाएं संचालित की जा सकेगी।



### भूमि आवंटन से लटका रहा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के अन्य ब्लॉक में सीएम राइस भवन जहां पूर्णता की ओर है वहीं सिहोरा विकासखंड में भूमि आवंटन को लेकर हुए विलंब के चलते सी एम राइज भवन का निर्माण काफी विलंब से प्रारंभ हुआ। स्कूल भवनों का निर्माण भवन विकास निगम की देखरेख में ठेकेदार के द्वारा पूर्ण करने के लिए 18 महीने की समयावधि रखी गई थी।निर्माण की 18 महीने की समयावधि दिसंबर 2024 में पूर्ण होगी समय अवधि पूर्ण होने में अभी लगभग 6 से ज्यादा का समय है लेकिन निर्माण कार्य अभी पिलंथ लेवल तक भी नहीं पहुंच पाया है।

### इतने कम समय में कैसे होगा पूर्ण

साइट प्रभारी ने शिरीष पांडे ने बताया की स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा 45.10 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। सीएम राइज स्कूल में क्लासेस संचालित करने के लिए 2 ब्लॉक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर,ओपन स्पेस दिए जाएंगे। इसके अलावा सभा या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग से हॉल भी बनाया जाएगा। शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रैकिंग, टीचर्स के रहने की व्यवस्था कैंपस में ही होगी। लेकिन यह सभी कार्य अभी अधूरे पड़े हुए है।

# कलेक्टर दीपक सक्सेना ने देखी किसानों के लिए चल रही योजनाएं



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कृषि एवं संबद्ध विभागों के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय संस्थान बोरलॉग (बीसा) का भ्रमण किया। इस दौरान बीसा के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. रवि गोपाल द्वारा संस्थान में किये जा रहे विभिन्न शोध कार्यों की जानकारी दी गई। जिसमें हैप्पीसीडर से गेहू के बाद सीधे मूंग की बोनी करना, ड्रोन के द्वारा मूंग की फसल पर नैनो यूरिया एवं डीएपी छिडकाव का प्रदर्शन, बूमरेन द्वारा कीटनाशक के छिडकाव का प्रदर्शन, ट्रेक्टर के मूल पहिये हटाकर फील्ड में प्लान्ट से प्लांट की दूरी के अनुसार पतले एवं फसल की ऊंचाई से काफी ऊंचे चके ट्रैक्टर में लगाकर इंटर कल्चर का प्रदर्शन, इस अटेचमेन्ट से फसल को कोई नुकसान नहीं होता। साथ ही इन्टर कल्चर गतिविधियाँ विधिवत संपादित हो पाती है। आलू की फसल के बाद जीरो टिल सीड ड्रिल से मक्के की बोनी का प्रदर्शन दिखाया गया है। बीसी संस्था प्रमुख द्वारा बताया गया कि, संस्थान में लगभग 1000 विभिन्न किस्मों के गेंहू का बीजू तैयार कर भारत एवं साउथ एशिया के देशो में भेजा जाता है। ट्रैक्टर में मॉडीफाइड पावर ब्रीडर द्वारा खरपतवार नियंत्रण का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर ने बोरलॉग इंस्टीटय़ूट के नवाचार को देखने के बाद डोंडी पिपरिया और धरहर गांव में किसानों द्वारा किये जा रहे कृषि क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों को भी देखा। कलेक्टर के भ्रमण के समय परियोजना संचालक आत्मा एस.के. निगम, उप संचालक कृषि रवि कुमार आम्रवंशी, उप संचालक उद्यान श्रीमती नेहा पटेल, उप संचालक पशुपालन मून, सहायक संचालक मत्स्य पालन तरूण पटेल अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा गौर, सहायक संचालक कृषि कीर्ति वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### हैप्पी सीडर कृषकों के लिये एक उपयोगी साधन

कलेक्टर ने कहा कि प्रायः परम्परागत रूप से किये जाने वाले सभी चीजों को अच्छी मानी जाती है। ठीक इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में भी है। लेकिन नवीन तकनीकों के प्रयोग से बेहतर परिणाम को प्राप्त किया जा सकता है। परंपरागत खेती के स्थान पर अब खेत की बिना जुताई किये हैप्पी सीडर से बोनी करना निश्चित ही लाभकारी है। इसमें उत्पादन में वृद्धि के साथ समय, श्रम और लागत की बचत हो जाती है। अब समय की मांग है कि हैप्पी सीडर के संबंध में किसानों को जानकारी सुनिश्चित की जाये जिससे वे इसका प्रयोग कर सकें।

### कलेक्टर ने वर्मी कम्पोस्ट और पराली ब्रिक्स का किया अवलोकन

कलेक्टर सक्सेना ने विकासखंड पनागर के ग्राम जटवा में कृषक बृजेश विश्वकर्मा की वर्मी कम्पोस्ट इकाई का निरीक्षण किया। जिसमें बृजेश विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि परियट में उत्पन्न लगभग 70 ट्रॉली गोबर को प्रत्येक दिन एकत्रित करके वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट जैविक खेती में उपयोग किया जाता है, साथ ही गेंहू की पराली को एकत्रित करके ब्रिक्स का निर्माण किया जा रहा है।

प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकारों को किया गया सम्मानित

# पत्रकारिता देश के संविधान का चौथा स्तंभ स्वतंत्रता के लिए कटिबद्धः डॉ श्रीवास्तव

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुररिया के मुख्य आतिथ्य एंव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एम. के.श्रीवास्तव के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सिहोरा नगर के पत्रकार नरेश चौहान, विजय तिवारी, चंद्रमणि त्रिपाठी,अंकुर गुप्ता एवं विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ एस.के. मेहरोलिया मुख्य रुप से मंचासीन थे। महाविद्यालय द्वारा सभी पत्रकार बंधुओं का पुष्पहार और स्मृति चिन्ह के माध्यम से स्वागत उपरांत वरिष्ठ पत्रकारों ने छात्र छात्राओं को प्रेस की स्वतंत्रता और इसका वर्तमान परिदृश्य विषय पर अपने विचार साझा किए। श्री त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में वर्तमान पत्रकारिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारिता स्वतंत्र होकर ही समाज निर्माण में सहयोग प्रदान कर सकती है। और पत्रकारिता जितना ही निष्पक्ष और दबावमुक्त होगा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। कार्यक्रम अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हो सकता है टेलीविजन में चल रहे समाचार आपके लिए उतने उपयोगी न हों लेकिन समाचार पत्रों में जो लिखित समाचार और संपादकीय है वह आपके जानकारी और समझ में अवश्य ही वृद्धि करेगी।और छात्र - छात्राओं को समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के एन.सी.सी.अधिकारी कर्नल डॉ डी.के.बघेल ने छात्रों को अग्निवीर योजना की विस्तार से जानकारी प्रदान की और इच्छुक छात्र - छात्राओं को महाविद्यालय स्तर से पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक जागेश्वर प्रजापति ने किया।

## महिला अधिवक्ताओं को भी बनाया जाए चुनाव अधिकारी

**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव में महिला अधिवक्ताओं को चुनाव अधिकारी न बनाए जाने का विरोध किया जा रहा है। इस सिलसिले में एक सैकड़ा से अधिक महिला अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित मांग-पत्र मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि 13 मई को हाई कोर्ट बार के लिए मतदान होना है। इसमें पुरुष वकीलों के समानांतर महिला वकील भी अपने मताधिकार का उपयोग करेंगी। प्रत्याशी के रूप में भी महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। इसके बावजूद चुनाव ड्यूटी नहीं लगाई गई। यह रवैया भेदभाव को रेखांकित करता है। लिहाजा, अपेक्षा है कि शीघ्र ही चुनाव संचालन समिति में महिला वकीलों को स्थान दिया जाएगा। इस सिलसिले में मुख्य चुनाव अधिकारी उपाध्याय ने साफ किया कि अधिवक्ता सरला पांडे को चुनाव टीम का हिस्सा बनाया गया है।

हाई कोर्ट बार चुनाव

# अध्यक्ष पद के लिए सात अधिवक्ताओं ने भरे नामांकन

- दूसरे व अंतिम दिन तक कुल 62 प्रपत्र हुए जमा : गजब का उत्साह दिखा
- निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा व निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी मैदान में उतरे



**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी के लिए 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर गुरुवार व शुक्रवार, दो दिन तक चली नामांकन प्रकिया के तहत कुल 62 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन प्रपत्र जमा किए। अध्यक्ष पद के लिए सात उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा भी शामिल हैं। जबकि सचिव पद के मुकाबले में निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी फिर से किस्तम आजमाने उतरे हैं

मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि दूसरे व अंतिम दिन कुल 62 नामांकन जमा हुए। शनिवार, चार मई को नामांकन प्रपत्रों की जांच के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी। इसके उपरांत सोमवार, छह मई को नाम वापसी की जा सकेगी। सोमवार, 13 मई को मतदान होगा।

### संजय वर्मा सहित ये हैं अध्यक्ष पद की दौड़ में

हाईकोर्ट बार एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद की दौड़ में निर्वतमान अध्यक्ष संजय वर्मा, प्रवीण वर्मा, रमन पटेल, आनंद चावला, सुनील चौबे, केके पांडे व डीके जैन के बीच मुकाबला होगा। जिनमें कौन-कौन मैदान में रहेगा, ये छह मई को नाम वापसी के बाद तय हो जाएगा।

### उपाध्यक्ष के लिए 14 तो सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में

हाई कोर्ट बार एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में है तो वहीं सचिव पद के लिए चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन जमा किए हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए प्रकाश गुप्ता, देवेन्द्र कुमार शर्मा, मुकेश मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पटेल, योगेश मोहन तिवारी, घनश्याम पांडे, प्रमेन्द्र सेन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, विश्वास पलिया, अमित जैन, शम्भुदयाल गुप्ता, प्रशांत अवस्थी व अनीता कैथवास मैदान में है। वहीं सचिव पद के लिए परितोष त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता, असीम त्रिवेदी व ओपी अग्निहोत्री के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद के लिए योगेश सोनी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुश मिश्रा, दीपक सिंह मैदान में है।

### कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य के लिए इनमें होगा मुकाबला

कोषाध्यक्ष पद के लिए संगीता नायडू, राजेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र खरे, धर्मेन्द्र कुमार पांडे व पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, पुष्पेन्द्र वर्मा, रजनीश उपाध्याय, अमन शर्मा मैदान में है। कार्यकारिणी सदस्य के लिये गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, हरीश शुक्ला, राजरूप पटेल, प्रेमनारायण वर्मा, कृष्णकुमार द्विवेदी, विवेक कुमार पांडे, अनुराग पटेल, शेषमणि मिश्रा, तीरथ प्रसाद जायसवाल, मुनेन्दर, सुनील कुमार गौतम, सपना तिवारी, अतुल सिंह भारद्वाज, प्रियंक चंसोरिया, नीरज पाठक, मनोज कुशवाहा, संदीप कुमार दुबे, अनुपम भट्ट, संजय कुमार मालवीय, रविन्द्र प्रताप सिंह, आजाद श्रीवास्तव, डा. वीरेन्द्र कुमार दुबे, स्मिता कहेरी व रूपेश सिंह ने अपने नामांकन पत्र जमा किए हैं। नामांकन प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी संजय सेठ, सरला पाण्डे, आशीष सिन्हा, सुधाकरमणि पटेल, हिमांशु तिवारी, प्रशांत दुबे, मनीष त्रिवेदी, आशीष श्रीवास्तव, नवीन शुक्ला, राजेश सिंह चौहान, आशुतोष तिवारी व केएल जाटव, अमोद गुप्ता, उमेश वैद्य, प्रकाश श्रोती, जगदीप प्रकाश टीटू, राजकमल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिवक्तागण का सहयोग रहा।

2 तस्करों से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

# कार में देशी और घर में बिक रही थी कच्ची शराब

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत गत रात रमपुर तिराहे के पास अवैध शराब लेकर जा रहे एक ईनोवा कार को पुलिस ने जब्त कर उसमें रखी 1 हजार 150 पाव देशी शराब जब्त की है। वहीं आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।



इसी प्रकार गोसलपुर ग्राम धमकी में अपने घर के आंगन में कच्ची शराब बेचने की फिराक में खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है।

पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत रात रमपुरा तिराहे के पास इनोवा क्रमांक एपी 20 टी 5561 का चालक कार में शराब की पेटियां रखकर केमोरी से पाटन की तरफ आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रमपुरा तिराहे के पास दबिश दी जहां पुलिस की गाड़ी देखकर आरोपी वहां से भागने लगा, जिसका पीछा करने पर आरोपी इनोवा कार रोड पर छोड़कर अंधेरे फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से इनोवा कार को चैक किया जिसमें रखी 23 पेटियों में रखा

कुल 1 हजार 150 पाव देशी शराब और इनोवा कार जब्त कर लिया है। जब्त की गई कार की कीमत लगभग 1 लाख 15 हजार रुपए की बताई गई है।

इसी प्रकार गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि गत शाम अपने घर के आंगन में कच्ची शराब बेच रहे ग्राम धमकी निवासी 27 वर्षीय समुन्द कुचबंधिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर की मारपीट

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत राधा कन्या स्कूल के सामने पट्टी पर अपने दोस्तों के साथ बैठकर खा-पी रहे एक कपड़ा व्यवसायी से एक बदमाश ने शराब पीने के लिए पैसे की मांग की, पैसे नहीं मिलने पर बदमाश ने गालीगलौज कर बेसबाल के डंडे से कपड़े व्यवसायी पर हमला कर घायल कर दिया।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खटीक मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय कपड़ा व्यापारी प्रिंस जैन गत रात लगभग 10 बजे अपने साथी गोपू चौहान, राहुल चौरसिया के साथ बैठकर राधा कन्या स्कूल के सामने पट्टी पर बैठकर तीनों खा-पी रहे थे, तभी भूरा सोनी उर्फ वीरेंद्र आया और उससे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगा, मना करने पर भूरा सोनी उर्फ वीरेंद्र गालीगलौज करते



हुए बेसबॉल के डंडे से उस पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 327, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश पर बका से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत मडई मस्जिद के पीछे एक मजदूर के घर एक बदमाश अपने अन्य सथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश पर जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गालीगलौज व मारपीट कर उस पर बका से हमला कर घायल कर दिया। युवक के माता पिता ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मडई मस्जिद के पीछे रांझी निवासी 26 वर्षीय मजदूर शुभम समुद्रे गत रात लगभग 9.30 बजे अपने घर पर खाना खा रहा था तभी छोटू केवट उर्फ कबाड़ी अपने अन्य दोस्तों के साथ उसके घर के पास आया और पुरानी रंजिश पर जातिगत शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगा, मना करने पर छोटू कबाड़ी ने बका से उसके माथे पर हमला कर दिया और उसके अन्य साथियों ने मिलकर मारपीट कर दी। उसके माता पिता ने बीच बचाव किया तो बदमाशों ने जान से मारने क धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 324, 506, 34 तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## शुगर की बीमारी से परेशान महिला फांसी लटकी

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम रैपुरा में शुगर की बीमारी से परेशान एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रैपुरा निवासी 47 वर्षीय श्रीमति लक्ष्मी बाई केवट लगभग 5 वर्ष से शुगर की बीमारी से परेशान थी, जिसका इलाज चल रहा था। शुगर की बीमारी से परेशान श्रीमति लक्ष्मी बाई केवट ने शुक्रवार की सुबह 4 बजे किचन की बल्ली से साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**श्रीमती उषा जैन-** पावन भूमि सोसायटी शक्ति नगर निवासी श्री महावीर प्रसाद जैन की धर्मपत्नी श्रीमती उषा जैन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किरण कुमार मौर्य-** गली नं. 1 बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री किरण कुमार मौर्य (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गिरधारी लाल-** इंद्रा नगर सुहागी निवासी श्री गिरधारी लाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति गौंड़-** आजाद चौक रामपुर निवासी श्री मनोज सिंह गौंड़ ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति गौंड़ (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांता बाई-** हाथीताल जनता डेयरी के पास निावासी श्री मुन्ना लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांता बाई (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती भागवती देवी वर्मा-** छापर विजय नगर रामपुर निवासी श्री प्रयाग वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती देवी वर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता जाटव-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मुरारी लाल जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता जाटव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वंदना कोठाले-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास ग्वारीघाट रोड निवासी श्री अनिल कोठाले की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना कोठाले (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फगुनिया बाई चौधरी-** बाबा टोला फकीरचंद का अखाडा के पास निवासी श्री रमेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती फगुनिया बाई चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरविंद मिश्रा-** सिहोरा निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा के पुत्र श्री अरविंद मिश्रा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय पटेल-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रकाश पटेल के पुत्र श्री अजय पटेल (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी सोनी-** गोपाल बाग दमोहनाका निवासी श्री रमेश कुमार सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी सोनी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी-** गोविंद भवन कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री छोटे लाल की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित बेन-** भानतलैया निवासी श्री मथुरा प्रसाद बेन के पुत्र श्री अमित बेन (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पूनम दीक्षित-** सुखसागर वैली ग्वारीघाट निवासी श्री मुकेश दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम दीक्षित (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# ट्रेडमार्क पर छिड़ा विवाद, टेस्ला केयर इंडिया के खिलाफ कंपनी कोर्ट पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला ने एक भारतीय कंपनी के खिलाफ मुकदमा शुरू किया है। इसके लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला इंक ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एलन मस्क की कंपनी ने गुरुग्राम बेस्ड कंपनी के खिलाफ गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। यह मामला ट्रेडमार्क के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। जिस कंपनी के खिलाफ टेस्ला इंक हाई कोर्ट पहुंची है, उसका नाम टेस्ला पावर इंडिया है। टेस्ला इंक ने हाई कोर्ट से मांग की है कि वह टेस्ला पावर इंडिया को ट्रेडमार्क टेस्ला का इस्तेमाल करने से रोके।

- टेस्ला पावर इंडिया को टेस्ला का ट्रेडमार्क उपयोग करने से रोकने कहा

## गुरुग्राम दिल्ली स्थित टेस्ला पावर इंडिया के खिलाफ मुकदमा दायर

### टेस्ला इंक ने लगाए ये आरोप

टेस्ला इंक की ओर से कोर्ट में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर लाल ने कहा कि ट्रेडमार्क के गलत इस्तेमाल से अमेरिकी कंपनी की प्रतिष्ठा पर आंच आ रही है और उसके व्यावसायिक हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाम के इस्तेमाल से ग्राहकों को भी भ्रम हो रहा है। टेस्ला पावर की बैटरी के खिलाफ आने वाली शिकायतें अमेरिकी कंपनी ईवी मेकर टेस्ला इंक को रिडाइरेक्ट कर दी जा रही हैं, क्योंकि ग्राहक उसे एलन मस्क की कंपनी से जुड़ा हुआ मान ले रहे हैं।




### 22 मई को होगी अगली सुनवाई

अमेरिकी कंपनी की याचिका के बाद कोर्ट ने गुरुग्राम स्थित कंपनी टेस्ला पावर को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक टेस्ला पावर को टेस्ला इंक से मिलता-जुलता ट्रेडमार्क यूज करने और ईवी प्रोडक्ट के साथ विज्ञापन देने से रोक दिया है। मामले में अगली सुनवाई 22 मई को होने वाली है। दूसरी ओर टेस्ला पावर का कहना है कि वह कई सालों से बिजनेस कर रही है। वह गाड़ियों में इस्तेमाल होने वाली परंपरिक बैटरियां बनाती है। ईवी के सेगमेंट में उतरने की उसकी कोई योजना नहीं है।

### इस तरह विज्ञापन देने का आरोप

चंदर लाल का आरोप है कि गुरुग्राम बेस्ड कंपनी टेस्ला पावर अपनी बैटरियों का अखबारों में विज्ञापन दे रही है, जिनमें वह खुद को एक इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी के रूप में दिखा रही है। इतना ही नहीं, बल्कि गुरुग्राम स्थित कंपनी टेस्ला पावर अमेरिकी कंपनी के लोगो का भी इस्तेमाल कर रही है।

## सूचीबद्धता नियमों का पालन नहीं करना प्रमुख वजह

# अदाणी समूह की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा कारण बताओ नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अदाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है।

कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है। बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के साथ अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी टोटल गैस और अदाणी विल्मर शामिल हैं।

### कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा

इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।



### अंबुजा व एसीसी सीमेंट को नहीं मिला नोटिस

वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है। समूह की मीडिया कंपनी एनडीटीवी ने सेबी का नोटिस मिलने के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। अदाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को सेबी का नोटिस उस जांच का हिस्सा है, जो अमेरिकी 'शॉर्ट सेलर' और वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा जनवरी, 2023 में समूह के खिलाफ जारी रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ था।

### सेबी ने मांगा है स्पष्टीकरण

सेबी का कारण बताओ नोटिस किसी कंपनी के खिलाफ अभियोग नहीं है। दरअसल इसमें कंपनियों से संबंधित मामले में स्पष्टीकरण मांगा जाता है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

### वित्तीय परिणामों पर असर पड़ सकता है

हालांकि, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है।

- सूमह की दस में सात कंपनियों को नोटिस मिला
- कंपनियों ने शेयर बाजार को नोटिस की जानकारी दी
- समूह की प्रमुख कंपनियों में अदाणी एंटरप्राइजेज, ग्रीन शामिल

### हेराफेरी का लग चुका है आरोप

इस रिपोर्ट में अदाणी समूह पर कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरी और कॉरपोरेट धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। हालांकि अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग रिसर्च के सभी आरोपों को आधारहीन और किसी भी गलत काम से इनकार किया था।

### शेयरों में आई भारी गिरावट



लेकिन रिपोर्ट आने के बाद शेयर बाजार में उसकी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और समूह के सम्मिलित बाजार मूल्य में करीब 150 अरब डॉलर की भारी गिरावट आ गई थी। हालांकि कुछ महीने बाद ही समूह की कंपनियों के शेयरों ने बाजार में वापसी करनी शुरू कर दी थी और अब तक नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो चुकी है।

# एडीबी भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को वित्त देने तैयार

एजेंसी ▶▶ त्बिलिसी



एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के उपाध्यक्ष भार्गव दासगुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि एडीबी जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने में मदद करने के अलावा भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र को वित्त मुहैया कराने के लिए भी तैयार है।

एडीबी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उपग्रह से संबंधित कुछ परियोजनाओं को अंजाम दिया हुआ है लेकिन उसने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में अब तक कोई वित्तीय मदद नहीं दी है। दासगुप्ता ने कहा, हमने इस क्षेत्र में अब तक बहुत कुछ नहीं किया है। हम हमेशा नए क्षेत्रों को देखने को तैयार हैं। हमारा मानना है कि अब यह क्षेत्र खुल गया है और स्टार्टअप भी इसमें खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अगर हम टिकाऊ विकास लक्ष्य (एसडीजी) के संदर्भ में अपने उद्देश्यों से मेल देखते हैं तो हम इस पर गौर करेंगे। पिछले महीने सरकार ने उपग्रह निर्माण और उपग्रह प्रक्षेपणयान क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)नीति में संशोधन को अधिसूचित किया था। दासगुप्ता ने भारत में उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा, 'हम हाल ही में छतों पर सौर इकाई लगाने की परियोजना शुरू होने, बड़ी सौर परियोजनाओं, पंप हाइड्रो और बैटरी भंडारण जैसे कामों को लेकर बहुत उत्साहित हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि ऊर्जा पारेषण, पुरानी कोयला आधारित बिजली परियोजनाओं को हरित ऊर्जा इकाइयों में बदलने में भी कॉरपोरेट जगत की दिलचस्पी नजर आ रही है।

- एशियाई विकास बैंक के उपाध्यक्ष भार्गव ने कहा
- जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने मदद मिलेगी

### भारत एडीबी का चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक

वह एडीबी के निजी क्षेत्र परिचालन विभाग और बाजार विकास एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी कार्यालय का प्रबंधन देखते हैं। भारत 1966 में स्थापित एडीबी का संस्थापक सदस्य है। यह एडीबी का चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक और 2010 से इसका शीर्ष उधारकर्ता है।

# एआई कंप्यूट की बढ़ती मांग को पूरा करने को तैयार है एएमडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चिप विनिर्माता एएमडी अपने विस्तृत उत्पाद खंड के साथ एआई कंप्यूटिंग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। एआई कंप्यूट से तात्पर्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता या मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करके डेटा के प्रसंस्करण से है।

एएमडी के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) मार्क पेपरमास्टर ने शुक्रवार को एक ब्लॉग में लिखा कि कंपनी के पिछले पांच वर्षों के वृद्धि और नवाचारों पर नजर डाली। साथ ही आगामी पांच वर्षों का पूर्वानुमान लगाया। पेपरमास्टर ने एएमडी (एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज) के 55 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह बात कही।

एएमडी ने कहा कि प्रौद्योगिकी का भविष्य खुले परिवेश तंत्र और गहन उद्योग साझेदारियों से उत्पन्न होता है जो सच्चे नवाचार को बढ़ावा देंगे। पेपरमास्टर ने लिखा, 'कंप्यूट इंजनों के अपने व्यापक खंड, विभिन्न बाजारों में ग्राहकों के साथ गहरे संबंधों और ओपन सॉफ्टवेयर क्षमताओं के आधार पर हम एआई कंप्यूट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अद्वितीय स्थिति में हैं।' एएमडी ने कहा, ' हमारे पास क्लाउड और एंटरप्राइज में डेटा सेंटर उत्पादों और ग्राहक सहयोग तथा एआई पीसी के लिए नेतृत्व उत्पादों का एक मजबूत आधार है।'

- चिप विनिर्माता बढ़ती मांग को पूरा करने तैयार

### सोने में 350 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

## एमआरएफ टायर का शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़ा..




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी एमआरएफ का वित्त वर्ष 2023-24 का एकीकृत शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़कर 396 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ 341 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 में परिचालन आय बढ़कर 6,349 करोड़ रुपये हो गई जबकि 2022-23 में यह 5,842 करोड़ रुपये थी। टायर विनिर्माता ने शुक्रवार को कहा कि 31 मार्च 2024 को समाप्त पूरे वित्त वर्ष का शुद्ध लाभ 2,081 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 769 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 में परिचालन आय बढ़कर 25,169 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 2022-23 में यह 23,008 करोड़ रुपये थी।

# 'मिया बाय तनिष्क' विस्तार की राह पर

- तमिलनाडु में चार खुदरा स्टोर खोले

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



टाटा समूह के आभूषण ब्रांड 'मिया बाय तनिष्क' ने अपने विस्तार अभियान के तहत तमिलनाडु में चार नए स्टोर खोले हैं। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस अवसर पर ब्रांड ने पांच मई तक मिया के उत्पादों पर 20 प्रतिशत तक की छूट देने की पेशकश की है। कंपनी ने यहां एक बयान में कहा कि उसने चेन्नई में केली, अड्यार और वेलाचेरी में एक-एक स्टोर और तिरुप्पुर जिले में एक अन्य स्टोर खोला है। 'मिया बाय तनिष्क' की कारोबार प्रमुख श्यामला रमणन ने कहा, 'पिछले साल, हमने तमिलनाडु में 12 नये 'मिया बाय तनिष्क' स्टोर खोले थे और हमें जबरदस्त प्रतिक्रिया से खुशी हुई। हम चेन्नई (तीन) और तिरुप्पुर (एक) में चार नए स्टोर खोल रहे हैं। रमणन ने कहा, 'मिया आज की महिलाओं की जरूरतों को समझती है। हमारे उत्पाद हल्के वजन के हैं और इनके डिजाइन फैशन के अनुसार हैं।'

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

- समाप्त सप्ताह में 637.92 अरब डॉलर रहा
- कई सप्ताह की तेजी के बाद गिरावट दर्ज

### आईएमएफ में भारत का जमा बढ़ा

रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.64 अरब डॉलर हो गयी।

# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। इसमें एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। निफ्टी भी 172.35 अंक गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया।

इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, एक बार फिर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

- दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में रही बिकवाली
- रिलायंस और एलएंडटी के शेयर भी रहे दबाव में

### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयर बढ़त लेने में सफल रहे। रिजर्व बैंक की तरफ से लगाई पाबंदी हटाए जाने के बाद बजाज फाइनेंस में करीब एक प्रतिशत की तेजी देखी गई।

### निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपए की चपत

भारी मुनाफावसूली के बीच शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,25,543.41 करोड़ रुपये घटकर 4,06,24,224.49 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) रहा।

## काटे गए टैक्स जमा करने की डेड लाइन है 7 मई

# मई माह की इस तारीख तक निपटा ले इनकम टैक्स से जुड़े यह काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मई के महीने की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में टैक्सपेयर्स के लिए यह महीना बहुत अहम है क्योंकि इस महीने में टैक्स से जुड़े कई कार्यों की डेडलाइन है। इस महीने काटे गए टैक्स से लेकर टीडीएस सर्टिफिकेट तक कई कामों को पूरा करना आवश्यक है। हम आपको उन तारीखों के बारे में बता रहे हैं जिसमें आप टैक्स से जुड़े सभी कार्यों को पूरा कर सकते हैं। 7 मई की तारीख टैक्सपेयर्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अप्रैल 2024 में कलेक्ट या काटे गए टैक्स को जमा करने की डेडलाइन है। अगर इनकम टैक्स चालान के बिना आप का कार्यालय टैक्स को काटता है तो उसे उसी दिन केंद्र सरकार के खाते में जमा करना आवश्यक है।

- टैक्स का टीडीएस सर्टिफिकेट 15 मई तक जमा करना जरूरी

***30 मई 2024 तक पूरा करें यह काम:*** *वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एनआरआई को संपर्क कार्यालय को एक विवरण फॉर्म नंबर 49सी जमा करना होगा। इसके साथ ही अप्रैल 2024 में सेक्शन 194-Iए, 19एम, 194-Iबी और 194एस के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए टीडीएस सर्टिफिकेट जमा करना होगा।*




### 15 मई 2024 तक इनकम टैक्स से जुड़ा पूरा करें यह काम

इनकम टैक्स की धारा 194-I ए , 194-Iबी, 194एम और 194एस के तहत मार्च 2024 में डीडक्ट किए गए टैक्स का टीडीएस सर्टिफिकेट जमा करना 15 मई 2024 तक आवश्यक है। इसके साथ ही सरकारी कार्यालय में फॉर्म 24जी के तहत जमा किए गए टीडीएस या टीसीएस के लिए क्लेम करने की डेडलाइन 15 मई 2024 को खत्म हो रही है। वहीं मार्च 2024 की तिमाही में जमा किए गए टीसीएस के लिए स्टेटमेंट जमा करने की डेडलाइन भी 15 मई को खत्म हो रही है। इसके अलावा 15 मई को अप्रैल 2024 तक स्टॉक एक्सचेंजों की तरफ से फॉर्म नंबर 3बीबी में डिटेल्स जमा करने की डेडलाइन भी खत्म हो रही है।

### 31 मई तक टैक्स से जुड़ा पूरा कर लें काम

31 मार्च 2024 को खत्म हुई तिमाही के लिए टीडीएस स्टेटमेंट की डेडलाइन खत्म हो रही है। ट्रस्टियों की ओर से भुगतान किए गए योगदान पर टैक्स कटौती को भी आपको 31 मई तक क्लेम करना होगा। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 के लिए फॉर्म नंबर 61ए के जरिए किए गए लेनदेन स्टेटमेंट सर्टिफिकेट देना होगा. इसके साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में 2.50 लाख रुपये से अधिक की लेनदेन पर एनआरआई के लिए पैन के लिए अप्लाई करने की यह आखिरी तारीख है।

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज के लाभ में 14 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 471.26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 412.14 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 1,914.82 करोड़ रुपये हो गई।

### जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ नौ प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 329 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (मार्च) में शुद्ध लाभ 302.26 करोड़ रुपये था। कुल आय बढ़कर 1,200.30 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 973.20 करोड़ रुपये थी।

### अरबिंदो फार्मा को 13 करोड़ रुपए की कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी अरबिंदो फार्मा लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे जीएसटी प्राधिकरण से ब्याज और जुर्माना समेत 13 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह कर मांग इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावे पर की गई है। कर विभाग ने आईटीसी दावे को खारिज कर दिया है।

### केयर रेटिंग्स की इकाई दे सकेगी ईएसजी की रेटिंग

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने केयर रेटिंग्स लिमिटेड की सहायक कंपनी केयर ईएसजी रेटिंग्स को पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) को लेकर रेटिंग देने की मंजूरी दी है। यह रेटिंग जिन्हें दी जाएगी, उन्हें टिकाऊ प्रदर्शन के मद्देनजर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

### अदाणी ग्रीन एनर्जी का लाभ 39 फीसदी घटा




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 38.85 प्रतिशत घटकर 310 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की इसी तिमाही (मार्च) में शुद्ध लाभ 507 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय घटकर 2,806 करोड़ रुपये रही।

### टीबीओ टेक के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** यात्रा से जुड़ी सेवाएं देने वाली कंपनी टीबीओ टेक लिमिटेड ने आईपीओ के लिए 875-920 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी के अनुसार सार्वजनिक निर्गम में 400 करोड़ रुपये तक के ताजा शेयर और कुछ शेयरधारकों की 12,508,797 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। टीबीओ टेक का 1,550 करोड़ रुपये का आईपीओ आठ मई से 10 मई तक खुलेगा। एंकर (बड़े) निवेशक सात मई को आवेदन कर सकेंगे।

## चिंतन

# धीमा जहर ऑक्सीटोसिन से हो रहा सेहत से खिलवाड़

हम कुछ भी खाएं, पीएं, मिलावट के जहर से दूषित हैं। शुद्ध व प्राकृतिक खाद्य जैसे बीते दिनों की बात हो गई हो। दूध, फल, सब्जियां, सब जहरीले होते जा रहे हैं। आजकल अधिक दूध के लिए पशुओं में व अधिक सब्जियों व फलों के लिए सब्जी व फल में इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। लालच में आकर अधिक दूध के लिए गाय व भैंस को ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन धड़ल्ले से लगाए जा रहे हैं। ऐसे ही लौकी, कद्दू, तोरई जैसी हरी सब्ज़ियों को जल्दी तैयार करने के लिए सब्ज़ियों में भी ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके दुष्प्रभाव से बच्चों में हार्मोनल परिवर्तन व दुधारू पशुओं में बांझपन का खतरा बढ़ रहा है। पशु चिकित्सकों के मुताबिक, गाय व भैंस को लगाए जाने वाले ऑक्सीटोसिन की आंशिक मात्रा दूध में आ जाती है। ऑक्सीटोसिन मिश्रित दूध जहर से कम नहीं है। ऑक्सीटोसिन के कई स्वास्थ्य संबंधी खतरे हैं। ऑक्सीटोसिन यूं तो एक प्राकृतिक हार्मोन है, जो स्तनधारी जीवों में प्रसव के बाद दूध उत्पादन के लिए स्वभाविक रूप से उत्पन्न होता है, यह दूध बच्चों के पालन में काम आता है, लेकिन जब अधिक दूध के लिए या सब्जियों व फलों को जल्द तैयार करने के लिए कृत्रिम ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाया जाता है तो यह धीमा जहर के समान है। कोई भी व्यक्ति ताजा सब्जियों को यही समझ कर खाता है कि उनसे उनके शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलेंगे, किंतु ऑक्सीटोसिन मिश्रित सब्जियां स्लो प्वाइजन की तरह है। इसके अलावा भी हम जो अनाज खाते हैं या फल खाते हैं, सब में मिलावट की रसायनिक जहर है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को राजधानी में गाय-भैंस रखने वाली डेरियों में ऑक्सीटॉसिन के गलत उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि हार्मोन संबंधित दवा देना पशु क्रूरता है और यह एक अपराध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग से साप्ताहिक निरीक्षण करने और मामला दर्ज करने को कहा है, पुलिस इसकी जांच करेगी। अदालत ने दिल्ली पुलिस के खुफिया विभाग से ऑक्सीटॉसिन उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण के स्त्रोतों की पहचान करने को कहा है। साथ ही इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने को कहा है। ऐसी कार्रवाई देशव्यापी स्तर पर किए जाने की जरूरत है। देश के हर कोने में ऑक्सीटोसिन का गलत इस्तेमाल हो रहा है। लोगों की सेहत से खिलवाड़ का हक किसी को नहीं है। ऑक्सीटोसिन को देना पशु क्रूरता है और यह पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 के तहत एक संज्ञेय अपराध है। ऑक्सीटोसिन के गलत उपयोग या इसे रखने के सभी मामलों को पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 एवं दवा एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धार 18(ए) के तहत दर्ज किया जाता है। अदालत ने यह भी कहा कि सभी डेरियों को उचित सीवेज, जल निकासी, बायोगैस संयंत्र, मवेशियों के घूमने के लिए पर्याप्त खुली जगह और पर्याप्त चारागाह वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। शहर के सभी डेयरियों को पशु पालन के लिए उच्च हाइजेनिक मानदंडों का पालन करना चाहिए। सरकार को चाहिए कि ऑक्सीटोसिन के दुरुपयोग को पूर्णतया बंद कराए, क्योंकि इससे लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच रहा है।



लोकसभा चुनाव
राज कुमार सिंह

# कांग्रेस की रक्षात्मक रणनीति!

गांधी-नेहरू परिवार की पारंपरिक लोकसभा सीटों अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी सस्पेंस के अंतिम क्षणों में पटाक्षेप से जवाब कम मिले, सवाल ज्यादा उठते हैं। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि वाले दिन ही उम्मीदवारों के ऐलान से कांग्रेस की किसी सुनियोजित रणनीति के बजाय कन्फ्यूजन का संदेश ज्यादा गया। केरल में वायनाड से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अब रायबरेली से भी लड़ेंगे। 2004 से 2019 तक रायबरेली से लगातार पांच बार जीतीं सोनिया गांधी ने बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों से इस बार राजस्थान से राज्यसभा में चुने जाने का विकल्प चुना। पिछली बार दो सीटों से चुनाव लड़े राहुल वायनाड से तो जीत गए, लेकिन अपनी परंपरागत सीट अमेठी से, लगातार तीन बार जीतने के बाद, स्मृति ईरानी से लगभग 55 हजार वोटों से हार गए, इसीलिए लंबे अरसे से गांधी-नेहरू परिवार की पारंपरिक सीट रहीं अमेठी और रायबरेली को लेकर राजनीतिक गलियारों से मीडिया तक में अटकलों का बाजार गर्म था। इतना ही नहीं चर्चाएं यह भी रहीं कि वायनाड में मतदान हो जाने के बाद राहुल अमेठी से ताल ठोकेंगे, जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपनी चुनावी राजनीति की शुरूआत रायबरेली से कर सकती हैं।

कांग्रेस की परंपरागत सीटों अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी सस्पेंस के अंतिम क्षणों में पटाक्षेप से जवाब कम मिले, सवाल ज्यादा उठते हैं। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि वाले दिन ही उम्मीदवारों के ऐलान से कांग्रेस की किसी सुनियोजित रणनीति के बजाय कन्फ्यूजन का संदेश ज्यादा गया। केरल में वायनाड से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अब रायबरेली से भी लड़ेंगे। चुनावी आकलन के दौरान यह आशंका जताई जाती रही है कि विपक्षी दलों के आधे-अधूरे बने 'इंडिया' गठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी कांग्रेस ही साबित हो सकती है।

पिछले दिनों कांग्रेस सूत्रों के हवाले से यह खबर भी आई कि राहुल-प्रियंका के असमंजस के बीच खुद सोनिया गांधी ने दोनों से फोन पर बात की है। यह भी बताया गया कि सोनिया ने यहां तक कहा है कि उन दोनों के चुनाव न लड़ने का अर्थ दोनों सीटें भारतीय जनता पार्टी को थाली में रख कर दे देने जैसा होगा, पर तीन मई को नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस ने ऐलान किया कि राहुल, रायबरेली से लड़ेंगे, जबकि अमेठी से गांधी-नेहरू परिवार के निष्ठावान रहे किशोरी लाल शर्मा चुनाव लड़ेंगे। मूलतः पंजाब से आने वाले किशोरी लाल शर्मा दशकों से अमेठी और रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों में, वहां से गांधी-नेहरू परिवार के निर्वाचित सांसदों के प्रतिनिधि के रूप में राजनीतिक कामकाज देखते रहे हैं।

यहां पर कई सवाल उठना लाजिमी हैं। कोई राजनीतिक दल अपने निष्ठावान कार्यकर्ता को पुरस्कृत करे, यह अच्छी बात है, पर क्या किशोरी लाल शर्मा के लिए रायबरेली ज्यादा आसान सीट नहीं होती? वहां से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह पुराने कांग्रेसी हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी के विरुद्ध मैदान में उतरे थे और हार गए थे। ऐसे में राहुल के खुद रायबरेली से लड़ने और किशोरी लाल शर्मा को अमेठी में स्मृति ईरानी के विरुद्ध लड़वाने से बहुत सकारात्मक राजनीतिक संदेश नहीं गया है। राहुल को हरा चुकी स्मृति को शर्मा कड़ी टक्कर दे पाएंगे,ऐसा मानने का फिलहाल तो कोई आधार नहीं दिखता।

बेशक राहुल के पास वायनाड के मतदाताओं के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर किसी भी दूसरी सीट से चुनाव न लड़ने का बेहतर नैतिक आधार हो सकता था, लेकिन



रायबरेली से लड़ कर उन्होंने उसे भी गंवा दिया। अगर दो सीटों से ही चुनाव लड़ रहे हैं, तब अपनी परंपरागत सीट छोड़ कर रायबरेली जाने से भारतीय जनता पार्टी को यह प्रचार करने का मौका उन्होंने खुद उपलब्ध कराया है कि वह डर गए।

माना कि अमेठी से राहुल की जीत तय नहीं थी, पर हार तय मान लेने का क्या कारण रहा? क्या एक बार चुनाव हारने के बाद नेता उसी सीट से दोबारा जीतते नहीं और सबसे बड़ा सवाल यह कि जब चुनावी राजनीति में हैं, तो हार से डर कैसा? इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह भी चुनाव हारे, जो राजनीतिक कद और पद में राहुल से बहुत बड़े नेता रहे, पर उन्होंने इस तरह पलायन नहीं किया। अब भारतीय जनता पार्टी के इस प्रचार की राहुल और कांग्रेस कैसे काट करेंगे? सवाल यह भी है कि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली प्रियंका गांधी अब मौका आने पर क्यों पीछे हट गईं? उम्मीद यही थी कि भारत जोड़ो यात्रा से हासिल आत्मविश्वास के बल पर राहुल फिर अमेठी से ही ताल ठोकेंगे, जबकि बेटी रायबरेली में मां की विरासत संभालेगी।

अब तर्क दिया जा रहा है कि परिवार के सभी सदस्यों का चुनाव लड़ना सही नहीं होता। अगर सभी सदस्य सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं, तब चुनाव भी लड़ लेने में क्या समस्या है? एक ओर यह तर्क दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा तक मीडिया इंटरव्यू के जरिये चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जताते रहे हैं। सवाल यह भी है कि अगर राहुल दोनों सीटों से जीत गए तो उनके द्वारा खाली की जाने वाली सीट से क्या कोई पारिवारिक सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा? सीधा सवाल पूछें तो क्या दोनों जगह से जीत की स्थिति में राहुल द्वारा खाली की जाने वाली सीट से प्रियंका चुनाव नहीं लड़ेंगी और क्या वह कभी चुनावी राजनीति में नहीं आना चाहतीं? बेशक कांग्रेस और राहुल गांधी को अपनी रणनीति तय करने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक जीवन के फैसले पूरी तरह व्यक्तिगत नहीं हो सकते। उन पर टीका-टिप्पणी होगी ही, क्योंकि उनका प्रभाव व्यापक होता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा पूर्ण सहयोग के आश्वासन के बावजूद अमेठी-रायबरेली की बाबत इन फैसलों से कांग्रेस की रक्षात्मक रणनीति का नकारात्मक संदेश ही गया है।

इससे पहले सूरत एवं इंदौर में 'जयचंद-प्रकरण' और दिल्ली में बगावत तथा पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी सरीखे वरिष्ठ नेता की 'टीमएसी से बेहतर होगा भाजपा को वोट देना' जैसी अपील से भी कांग्रेस के राजनीतिक प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठे हैं। 2014 और 2019 में एकतरफा लोकसभा चुनावों के बाद इस चुनाव में कड़े मुकाबले के संकेत मिल रहे हैं। फिर भला विपक्ष का सबसे बड़ा दल होने के बावजूद कांग्रेस ने ऐसी रक्षात्मक रणनीति से नकारात्मक चुनावी राजनीतिक संदेश का जोखिम क्यों उठाया? किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल के लिए इस तरह की रणनीति सवाल तो खड़े करती ही है साथ ही उसके लिए एक नकारात्मक छवि भी लोगों के दिलो दिमाग पर अंकिल करती है।

चुनावी आकलन के दौरान यह आशंका जताई जाती रही है कि विपक्षी दलों के आधे-अधूरे बने 'इंडिया' गठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी कांग्रेस ही साबित हो सकती है, क्योंकि लगभग 200 सीटों पर उसका भाजपा से सीधा मुकाबला होता है। क्षेत्रीय दल पहले भी भाजपा के विरुद्ध अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। ऐसे में अंतिम परिणाम बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि खुद कांग्रेस, भाजपा के विरुद्ध कैसा चुनावी प्रदर्शन करेगी। अभी तक के संकेत बहुत सकारात्मक तो नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## स्मृति शेष
मणेंद्र मिश्रा मशाल



# समावेशी वामपंथ के पक्षधर थे कामरेड अतुल अनजान

कामरेड अतुल अनजान नहीं रहे। शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में कैंसर से जूझ रहे अतुल अनजान ने अंतिम सांस ली। उनका पूरा जीवन ही सार्वजनिक था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति, संविधान, जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है, उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति का वे बड़ा चेहरा थे। लेफ्ट यूनिटी के लिए पूरी प्रतिबद्धता होने के बाद भी अतुल समाजवादी, कांग्रेसी सहित वे सभी समूह जिनका भरोसा आपसी सौहार्द एवं उपेक्षितों, किसानों के प्रति रहता था उनसे संवाद करने में नहीं हिचकते थे। हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। प्रो बनवारी लाल शर्मा के संयोजन में आजादी बचाओ आंदोलन में सक्रिय रहते हुए हम लोगों ने उनके कई कार्यक्रम कराए जिनमें उन्हें करीब से सुनना हुआ था। उस समय सेज (एसईजेड) के खिलाफ अतुल अनजान का किसानों के समर्थन में दिए गए वक्तव्य की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा थी। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर-दूर से आते थे। दिल्ली स्थित मावलंकर हाल,कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह, सामयिक मुद्दों पर



कामरेड एबी वर्धन के साथ अतुल अनजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। 2019 में दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में 12-13 जुलाई को समाजवादी समागम में उन्होंने राजनीति में विचार और जनाधार दोनों को बचाने के लिए समाजवादियों से आह्वान किया था। इस उपलक्ष्य में विमोचित हुए समाजवादी विचार समग्र पुस्तक में प्रकाशित मेरे लेख समाजवादी सोच के प्रति नई पीढ़ी की चिंता को लेकर मंच से खूब सराहना की और आयोजन में मेरे वक्तव्य से प्रभावित होकर सचेत किया था कि समाजवादी विचारधारा को नवीन प्रयोगों से सक्रिय किए रहना। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अनजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र, नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। 2018 में लखनऊ विश्वविद्यालय के आन्दोलनरत छात्रों के जेल जाने पर मीसा बंदी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी, सत्तर के दशक में मेरठ कॉलेज की छात्र राजनीति से निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी की पहल पर प्रो रमेश दीक्षित(लखनऊ विश्वविद्यालय) एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारियों का सफल संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कराने का श्रेय अतुल को ही रहा। लखनऊ छात्रसंघ के इतिहास में यह अपने आप में अनूठी घटना थी जिसमें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों में अतुल अनजान, सत्यदेव त्रिपाठी, अरविन्द सिंह गोप, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ राजपाल कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसका असर यह रहा कि जेल में बंद छात्र नेताओं की जल्द रिहाई हो गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लखनऊ विश्वविद्यालय में सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर प्रोटेस्ट करने वाले छात्र-छात्राओं की गिरफ्तारी और उत्पीड़न की निंदा की गई थी। अतुल अनजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में की गई। कामरेड अतुल अनजान की हजरतगंत काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी। इसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे, जिनमें नेता, पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रोफेसर शामिल रहते थे। उनके होने से अन्याय के खिलाफ किसी भी आंदोलन,धरना, प्रदर्शन में लोगों को एक संबल मिलता था। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दिया। इसकी भरपाई मुश्किल है। अतुल अनजान अपने अर्थपूर्ण लेखों, ओजस्वी भाषणों के लिए हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। हाशिये की मुखर आवाज अतुल अनजान को अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि।

(लेखक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अतिथि प्रवक्ता रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण




संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा




संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## सीमा पर गेहूं की चमक



*जम्मू। गेहूं की सुनहरी चमक जम्मू के बाहरी इलाकों में दिखाई दे रही है। यहां बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक गाँव में हार्वेस्टर से गेहूं की फसल काटी जा रही है।*

## आज की पाती

### प्रेस की मुख्य भूमिका

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश का सबसे पहला समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम उदन्त मार्तण्ड है और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में शायद ही हो। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, यानी हर छोटी-मोटी समस्या के लिए पत्रकार हमेशा हाजिर हो जाते हैं। आज न्यूज चैनलों की बाढ़ आ जाने के बावजूद हर कोई अखबार का इंतजार जरूर करता है।

- **अजय चद्रवंशी**, अंबिकापुर

## करंट अफेयर

# ताइवान हर दिन लाखों साइबर हमले झेल रहा

तेजी से निरंकुश होते क्षेत्र में ताइवान लोकतंत्र, नवाचार और प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में खड़ा है। लेकिन इस पर ख़तरा बढ़ता जा रहा है। हाल के वर्षों में, चीन ने ताइवान पर कम्युनिस्ट पार्टी के एकीकरण के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने के लिए कई तरह की 'ग्रे जोन' रणनीतियों का इस्तेमाल किया है। इसमें साइबर हमलों का आक्रमण शामिल है, जो न केवल ताइवान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करता है, बल्कि इसकी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी कमजोर करने की कोशिश करता है। ये हमले फ़िशिंग प्रयासों से लेकर परिष्कृत मैलवेयर घुसपैठ तक होते हैं। वेबसाइट विरूपण हमले और डिस्ट्रीब्यूटेड डेनियल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमले अक्सर महत्वपूर्ण घटनाओं के दौरान देखे जाते हैं, जैसे कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की अगस्त 2022 की यात्रा के दौरान। निशाने पर होते हैं सरकारी एजेंसियां, शैक्षणिक संस्थान, सुविधा स्टोर और ट्रेन स्टेशन। तो, ताइवान इन हमलों से खुद को कैसे बचा रहा है? और क्या वह ऐसा कर पाएगा क्योंकि चीन की रणनीति और अधिक परिष्कृत होती जाएगी।



## ऑफ बीट

# हृदय गति क्षेत्र क्या हैं, इसे दिनचर्या में शामिल करें

यदि आप ऑनलाइन फिटनेस सामग्री की खोज में बहुत समय बिताते हैं, तो हो सकता है कि आप हृदय गति क्षेत्रों की अवधारणा से परिचित हों। हृदय गति क्षेत्र प्रशिक्षण हाल के वर्षों में अधिक लोकप्रिय हो गया है, आंशिक रूप से पहनने योग्य प्रौद्योगिकी में उछाल के कारण, जो अन्य कार्यों के अलावा, लोगों को आसानी से अपनी हृदय गति को ट्रैक करने का अवसर देता है। एरोबिक व्यायाम के दौरान हृदय गति क्षेत्र तीव्रता के विभिन्न स्तरों को दर्शाते हैं। वे अक्सर आपकी अधिकतम हृदय गति के प्रतिशत पर आधारित होते हैं, जो आपके हृदय द्वारा प्रति मिनट ली जा सकने वाली धड़कनों की उच्चतम संख्या है। लेकिन विभिन्न हृदय गति क्षेत्र क्या हैं, और आप अपने वर्कआउट को अनुकूलित करने के लिए इन क्षेत्रों का उपयोग कैसे कर सकते हैं? तीन-ज़ोन मॉडल जबकि हृदय गति क्षेत्रों का वर्णन करने के लिए कई मॉडलों का उपयोग किया जाता है, वैज्ञानिक साहित्य में सबसे आम मॉडल तीन-क्षेत्र मॉडल है, जहां क्षेत्रों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है : जोन 1 : 55 प्रतिशत - अधिकतम हृदय गति का 82 प्रतिशत जोन 2 : 82 प्रतिशत - अधिकतम हृदय गति का 87 प्रतिशत जोन 3 : 87 प्रतिशत - अधिकतम हृदय गति का 97 प्रतिशत।



## ट्रेंड

### सुशासन से ही संभव



2024 के आम चुनाव में 'मोदी गारंटी' मुख्य मुद्दा है. भाजपा का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित भारत बनाना है। यह केवल सुशासन से ही संभव है। हम उनसे अनुरोध करते हैं जो उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं कि वे फौलादी इरादों वाले मोदी को वोट दें जो देश को समावेशी विकास की ओर ले जा सकें।

-एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री

### भविष्य का अस्तित्व नहीं



आप अतीत या भविष्य को कष्ट नहीं दे सकते क्योंकि उनका अस्तित्व ही नहीं है। आप जो पीड़ित हैं वह आपकी स्मृति और आपकी कल्पना है। ध्यान न तो एकाग्रता है और न ही विश्राम। यह एक तरह की घर वापसी है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### मोदी के पसंदीदा शब्द



हिंदी भाषा में लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर 6.5 लाख शब्द हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पसंदीदा शब्द हैं:- पाकिस्तान, श्मशान, क़ब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस।

-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

### विरासत में शहादत मिली



मेरे पिता को विरासत में धन-दौलत नहीं, शहादत मिली। जब नरेंद्र मोदी मेरे पिता पर आरोप लगाते हैं कि उन्होंने विरासत लेने के लिए क़ानून बदला, वो यह नहीं समझ सकते कि मेरे पिता को विरासत में धन-दौलत नहीं, शहादत की भावना मिली।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा सत्ता संग्राम-2024



*लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सरगुजा लोकसभा के सूरजपुर में चार मई को होने वाली सभा अब पांच मई को होगी। सभा में प्रदेश के कई मंत्री रहेंगे। पांच मई को ही शाम प्रचार थमेगा। उससे पहले भाजपा तीसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए ताकत झोंकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार सभाएं कर रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी रायपुर आएंगे।*

**केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल रहेंगे रायपुर में**

# नड्डा की सूरजपुर में सभा अब कल, केंद्रीय मंत्री वैष्णव भी आएंगे, मुख्यमंत्री साय की आज रायपुर में दो सभाएं

### 7 मई को होगा छत्तीसगढ़ में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री आज ही सूरजपुर में सभा कर लौटे हैं। रायपुर लोकसभा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का प्रयास तो सफल नहीं हो सका है, लेकिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव जरूर पांच मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री की चार मई को चार सभाएं होंगी। दो सभाएं रायपुर लोकसभा में होंगी।

छत्तीसगढ़ लोकसभा के चुनाव तीन चरण में हो रहे हैं। पहले और दूसरे चरण में चार सीटों पर मतदान हो चुका है। अब तीसरे और अंतिम चरण में सात मई को मतदान होगा। इसके पहले भाजपा ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी है। हालांकि इस तीसरे चरण में ज्यादा राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं नहीं हो सकी हैं, क्योंकि दूसरे चरण के चुनाव के समय ही कुछ राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं तीसरे चरण के लिए भी करा ली गई। तीसरे चरण में सिर्फ अमित शाह की एक सभा कोरबा में हुई है। अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की एक सभा सरगुजा लोकसभा में सूरजपुर में होगी।



जेपी नड्डा



विष्णुदेव साय



अश्विनी वैष्णव

**रायपुर आकर जाएंगे नड्डा सभा लेने**

जेपी नड्डा सूरजपुर में सभा लेने के लिए रायपुर आकर जाएंगे। विशेष विमान से उनका पांच मई को 11.45 को रायपुर आना होगा। यहां से वे हेलीकॉप्टर द्वारा सूरजपुर जाएंगे। वहां सभा लेने के बाद रायपुर आकर यहां से वापस जाएंगे। सभा में प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े के साथ ही सरगुजा लोकसभा की सभी विधानसभाओं के भाजपा विधायक और सरगुजा लोकसभा के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज रहेंगे। सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भी रहने की संभावना है। वैसे चुनाव प्रचार का अंतिम दिन रहेगा, उनका पहले से कहीं सभाओं का कार्यक्रम होगा तो वे श्री नड्डा की सभा में नहीं रहेंगे।

### साय की आज चार सभाएं

*प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लगातार सभाएं चल रही है। शनिवार को उनकी चार सभाएं होंगी। पहली सभा 12.00 बजे नवागढ़, दूसरी सभा मनेंद्रगढ़ के खड़गंवा में दोपहर दो बजे, तीसरी सभा रायपुर लोकसभा के सारागांव में 4.15 बजे और चौथी राजधानी रायपुर के पहाड़ी चौक गुढ़ियारी में शाम को छह बजे होगी।*

## आमने/सामने

### मोदी और शाह हमें क्या संविधान सिखाएंगे: महंत



*प्रदेश नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह हमें क्या संविधान सिखाएंगे। श्री महंत ने कहा, प्रधानमंत्री हमारे लिए चट्टे-बट्टे जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। यह प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। ये सड़क छाप लोगों की भाषा है। उनका कहना है, जिस प्रकार से पीएम मोदी का दिमाग खराब हो गया है, वो 200 पार भी नहीं होने वाले। भाजपा के चुनाव में ज्यादा सीट जीतने के दावे को लेकर कहा, भाजपाई बौरा गए हैं।*

### कांग्रेसियों को मोदी से सीखने की जरूरत: विजय शर्मा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, डॉ. चरणदास महंत ही नहीं समूची कांग्रेस को हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न केवल संविधान का पाठ पढ़ने की जरूरत है, बल्कि आपस में झगड़कर पार्टी को बिखराव की कगार में पहुंचा चुके कांग्रेस के इन नेताओं को राजनीतिक सूझबूझ, पार्टी संचालन, नेतृत्व क्षमता जैसे पाठ भी मोदी जी से पढ़ने की जरूरत है। उनका कहना है मोदी जी को गाली देना, अपशब्द कहना कांग्रेसियों की परंपरा बन चुकी है। डॉ. महंत ने भी इसी परंपरा का निर्वाह किया है।

## लालू ने पीएम मोदी को पढ़ाई हिंदी, कहा- इन मुद्दों को भूल गए

### एक्स पर ट्वीट कर साधा निशाना



**पटना।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिंदी भाषा की शब्दावली का पाठ पढ़ाया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी बयान में उन्होंने बताया कि हिंदी भाषा में आज लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंदीदा, सबसे शब्द हैं:- पाकिस्तान,श्मशान, क़ब्रिस्तान,हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद,मछली-मुगल, मंगलसूत्र,गाय-भैंस। पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए लालू ने कहा कि ऊपर की लिस्ट पहले दो चरणों के चुनाव होने तक की है। सातवें चरण तक इस लिस्ट में कुछ दो चार नाम और बढ़ सकते हैं। राजद चीफ ने व्यंग करते हुए कहा कि कि प्रधानमंत्री नौकरी-रोजगार,गरीबी- किसानी, महंगाई-बेरोजगारी, विकास-निवेश,छात्र-विज्ञान-नौजवान इत्यादि मुद्दे भूल गए हैं।

### तेजस्वी ने भी साधा निशाना

इससे पहले गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के मुंह से मुद्दे यानि नौकरी, रोजगार, अमन भाईचारे की बात सुनना संभव नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा कि चार चीजें असंभव है। इनमें सूरज का पश्चिम से उगना, रेगिस्तान में मछली पकड़ना, आसमान में पेड़ लगाना और मोदी जी के मुँह से मुद्दे यानि नौकरी, रोजगार, प्रेम अमन व भाईचारे की बात सुनना।

## औरंगजेब का नया अवतार लगाएगा विरासत कर : योगी

### चुनावी सभा में यूपी के सीएम ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथों



देश में चल रहे चुनाव के बीच चुनावी जनसभाएं हो रही हैं। हर नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसी बीच यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जजिया कर लगाने का आरोप लगाया। इसके साथ ही योगी ने कांग्रेस पर गोहत्या के प्रोत्साहन का भी आरोप लगाया। इसके साथ ही सीएम योगी ने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए यह दावा किया कि औरंगजेब का नया अवतार हुआ है। जो विरासत कर लगाने की बात कर रहे हैं, जैसे औरंगजेब ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था ये लोग वैसा ही चाहते हैं। योगी ने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ धाम का भव्य पुनर्निर्माण कार्य हुआ है।

### जजिया कर का इतिहास

भारत में जजिया कर के इतिहास की बात करें तो मुहम्मद बिन कासिम की सल्तनत में पहली बार जजिया कर सिंध प्रांत के देवल में लगाया गया था। जिसके बाद इसको अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल में लगाया गया। जिसको लेकर मुस्लिम दरबारी इतिहासकार जियाउद्दीन बरनी ने लिखा है कि खिलजी को काजी मुघिसुद्दीन ने सलाह दी थी कि इस्लाम की जरूरत है कि हिन्दुओं पर जजिया लगाया जाए ताकि हिन्दुओं के प्रति निरादर का भाव दिखाया जा सके और उन्हें अपमानित किया जा सके।

**भाजपा व सपा के बीच बसपा के सियासी दांव ने दिलचस्प बनाया चुनावी मुकाबला**

# हॉट सीट मैनपुरी में भाजपा के लिए आसान नहीं सपा के गढ़ को भेदना

*लोकसभा चुनाव मे यूपी की सियासत गर्म है और सभी राजनैतिक दल चुनावी महासमर में व्यस्त हैं। समाजवादी पार्टी का गढ़ बनी मैनपुरी लोकसभा सीट पर मुलायम सिंह यादव की सियासी विरासत को बचाने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिंपल यादव चुनाव मैदान में हैं। तो वहीं भाजपा ने यहां सपा के गढ़ को ध्वस्त करने की जिम्मेदारी योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री जयवीर को प्रत्याशी बनाकर सौंपी है, जिन्होंने मैनपुरी विधानसभा चुनाव सपा का तिलिस्म तोड़कर अपनी सियासी ताकत दिखाई थी।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

दरअसल इस सीट पर मुद्दों को दरकिनार करके सभी सियासी दल जातियों की बिसात बिछाने की रणनीति के साथ चुनावी जंग में है। इन सबके बावजूद यहां भाजपा और सपा के बीच ही प्रमुख चुनावी मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं, लेकिन बसपा सुप्रीमो मायावती ने पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाकर इस सीट की चुनावी जंग को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंतिम जिला माने जाने वाले मैनपुरी लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी का इसलिए गढ़ बनी हुई है, कि 1989 में समाजवादी पार्टी ने ऐसा सियासी सिक्का जमाया कि तब से अब तक खासकर भाजपा व बसपा के राजनीतिक दांवपेंच सपा के गढ़ को भेदने में नाकाम रहे हैं। हालांकि इस सीट बसपा से ज्यादा भाजपा दूसरे पायदान पर रही है। इसलिए इस बार भाजपा पहले पायदान पर आने के लिए नई रणनीति के साथ यहां चुनावी मैदान में है। वहीं बसपा भी अपने सोशल इंजीनिरिंग की रणनीति से चुनाव मैदान में है। सपा इस बार पीडीए यानी पिछडा, दलित और अल्पसंख्य आधारित रणनीति से अपनी विरासत को बचाने के लिए चुनावी जंग में है। इसलिए लंदन में पढ़ रही अखिलेश यादव की सुपुत्री अदिति यादव भी मम्मी डिंपल यादव के चुनाव प्रचार में गांव गांव घूमकर सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रही हैं।



डिंपल यादव



शिवप्रसाद यादव



जयवीर सिंह ठाकुर

### मैनपुरी सीट का सियासी सफर

मैनपुरी लोकसभा सीट पर 17वीं लोकसभा के लिए 20 चुनाव हो चुके हैं। लेकिन पिछले 35 साल से इस सीट पर सपा यानी मुलायम सिंह यादव परिवार का कब्जा है। उससे पहले हालांकि 1977 और 1980 तक तत्कालीन जनसंघ और अब भाजपा समर्थित जनता पार्टी के प्रत्याशी जीते है, जबकि 1984 में यहां कांग्रेस के बलराम सिंह यादव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इससे पहले इस सीट पर कांग्रेस ने आजाद भारत के पहले लोकसभा चुनाव की जीत के बाद चार बार ही जीत दर्ज की है। 1996 से अब तक समाजवादी पार्टी ने यहां दस जीत दर्ज की है, जिसमें तीन उप चुनाव भी शामिल हैं। मुलायम सिंह यादव यहां से खुद चार बार और उनके एक एक बार उनके भतीजे तेजप्रताप सिंह यादव व धर्मेन्द्र यादव भी लोकसभा पहुंचे। इस सीट से पहली बार 1996 में यहां से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे मुलायम सिंह यादव केंद्र में जनता पार्टी की वीपी सिंह सरकार में रक्षा मंत्री भी रहे। पिछले चुनाव में मोदी लहर के बावजूद मुलायम सिंह यादव ने शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन बीमारी के कारण उनके निधन के बाद खाली सीट पर उनकी बहू यानी अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उप चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची, जो इस बार मुलायम सिंह यादव की सियासी विरासत को बचाने के लिए चुनाव मैदान में है।

### भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर फिरोजाबाद के ककहरा निवासी हैं। इसी गांव से ग्राम प्रधानी का चुनाव जीतकर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। 2002 में कांग्रेस और 2007 में बसपा के टिकट पर घिरोर विधानसभा से विधायक चुने गये। जयवीर सिंह 2003 से 2006 तक यूपी सरकार में स्वतंत्र प्रभार के तौर पर स्वास्थ्य मंत्री रहे। जब कि 2007 में बनी मायावती सरकार में सिंचाई राज्य मंत्री बने। इसके बाद वह भाजपा में आए और मैनपुरी विधानसभा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे, जो योगी सरकार में पर्यटन विभाग का मंत्रालय संभाल रहे हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी हैं, जो पहली बार 2009 में फिरोजाबाद के उपचुनाव में कांग्रेस के राजबब्बर से हार चुकी हैं। लेकिन कनौज सीट से 2012 में उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होकर संसद पहुंची। जबकि दूसरी बार 2014 में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची। पिछला चुनाव वह कनौज से हार गई, लेकिन अपने ससुर मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी से उपचुनाव जीतकर सांसद बनी। बसपा प्रत्याशी ने पहली बार बसपा के टिकट से भरथना विधानसभा से जीत हासिल की थी। उसके बाद वे भाजपा में आ गए थे, लेकिन उसके बाद 2023 में उन्होंने अपनी खुद की पार्टी सर्वजन सुखाय पार्टी का गठन किया था। लेकिन उन्होंने बसपा में वापसी की और मैनपुरी सीट से प्रत्याशी बने।

# 'अगर असली शिवसेना अध्यक्ष हैं तो सावरकर का लें नाम'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अमित शाह ने दिया उद्धव ठाकरे को ये चैलेंज

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होने वाला है. इससे पहले राजनीतिक दल और उनके नेता चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार (03 मई) को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, "क्या नकली सेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे वीर सावरकर का नाम अपने भाषण में लेने की हिम्मत कर सकते हैं? अगर सावरकर का नाम लेने में शर्म आती है तो शिवसेना के किस बात के अध्यक्ष हैं आप? वे नकली शिवसेना चला रहे हैं, असली शिवसेना एकनाथ शिंदे चला रहे हैं।



### ऐसे बनी राहुल गांधी को चुनाव लड़ाने पर सहमति

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार रायबरेली व अमेठी में कांग्रेस की ओर से नेताओं के नाम को लेकर दिक्कत नहीं थी। असल दिक्कत राहुल-प्रियंका की तरफ से चुनाव नहीं लड़ने के फैसले को लेकर थी। यूपी और दिल्ली दोनों कांग्रेस नेतृत्व इस बात पर जोर दे रहा था कि राहुल-प्रियंका कम से कम सोनिया गांधी की सीट रायबरेली से जरूर उतरें। बीस साल से रायबरेली से ही सोनिया निर्वाचित होती रही हैं। इस साल फरवरी में राज्यसभा से संसद में पहुंच चुकी हैं। गुरुवार देर रात हुई बैठक में भी राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया। राहुल नहीं चाहते थे कि स्मृति ईरानी के खिलाफ फिर से उतरकर वह मोदी के खिलाफ बनाई गई अपनी लड़ाके वाली छवि को नुकसान पहुंचाएं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इसके बाद राहुल को गांधी परिवार की विरासत और रायबरेली के साथ जुड़ाव का हवाला देते हुए उन्हें रायबरेली से उतरने के लिए मनाने में कामयाब रहे।

**स्मृति ईरानी को देंगे टक्कर**

# अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी शर्मा का रोड शो, बोले- जनता हमारे साथ

एजेंसी ▶▶| अमेठी

कांग्रेस ने अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। केएल शर्मा राजीव गांधी के समय से ही अमेठी से जुड़े रहे हैं। शुक्रवार को जब वह नामांकन के लिए निकले तो सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके जुलूस में शामिल हो गए। इस दौरान कार्यकर्ता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और किशोरी लाल शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। इसके पहले पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने अमेठी के कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि किशोरी लाल जी अमेठी के गांव-गांव को जानते हैं। लंबे समय से यहां काम कर रहे हैं। अब हमें मिलकर उन्हें जिताने का काम करना है। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने खुशी जाहिर की है।



### 83 से जुड़े हैं अमेठी से

मूल रूप से किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से ताल्लुक रखते हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए। 1991 में राजीव गांधी की मौत के बाद जब गांधी परिवार ने यहां से चुनाव लड़ना बंद किया तो भी शर्मा कांग्रेस पार्टी के सांसद के लिए काम करते रहे। उन्हें संगठन ही नहीं परिवार का भी वफादार माना जाता है।

### कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली इस सीट का है रोचक इतिहास

# रायबरेली में कभी कांग्रेस की हो गई थी जमानत जब्त

### पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी छोड़कर यहां से लड़ रहे हैं चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने काफी इंतजार के बाद आखिर रायबरेली लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। इस बार रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव मैदान में हैं। राहुल का मुकाबला यहां भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से होना है। रायबरेली सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है। देश के पहले लोकसभा चुनाव से ही कांग्रेस का यहां दबदबा रहा है। बीच के कुछ चुनावों में यह सीट कांग्रेस हारी भी है, आइए जानते हैं इस सीट का रोचक इतिहास
साल 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में रायबरेली और प्रतापगढ़ जिलों को मिलाकर एक लोकसभा सीट थी। उस चुनाव में यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी जीते थे। 1960 में फिरोज के निधन के बाद 1962 में कांग्रेस की तरफ से उतरे बैजनाथ कुरील ने जनसंघ प्रत्याशी तारावती को हराया था। 1967 में इंदिरा गांधी यहां से जीती थीं।

### 1971 को चर्चित चुनाव और 77 में हारीं इंदिरा







1971 के चुनाव में इसी सीट से इंदिरा ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राज नारायण पर विवादास्पद जीत दर्ज की थी। उन पर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग और चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगा था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था। इसके बाद ही इंदिरा ने आपातकाल लगा दिया था। इसके बाद आपातकाल के समाप्त होने के बाद 1977 में इंदिरा को भारतीय लोक दल के के प्रत्याशी राजनारायण ने 55,202 वोट से हरा दिया था। 1980 में इंदिरा ने विजय राजे सिंधिया को 1,73,654 मतों से शिकस्त दी थी।

### शीला कौल और उनके बेटे-बेटी

1989 और 1991 में रायबरेली सीट से जीतने वालीं शीला कौल भी नेहरू-गांधी परिवार से संबंध रखती थीं। शीला कौल के पति कमला नेहरू के भाई थी। यानी, शीला कौल इंदिरा गांधी की मामी थीं। 1996 और 1998 के चुनाव में शीला कौल के बेटे विक्रम कौल और बेटी दीपा कौल की जमानत जब्त हुई थी। हालांकि, 1999 लोकसभा चुनाव में यह सीट फिर कांग्रेस ने जीती। कैप्टन सतीश शर्मा ने सपा के गजाधर सिंह को खिलाफ 73,549 वोटों से हराया था।

### लगातार जीतीं सोनिया

2004 में जब राहुल गांधी ने चुनावी राजनीति में कदम रखा तो सोनिया गांधी ने अमेठी सीट उनके लिए छोड़ दी और खुद रायबरेली से चुनाव लड़ने लगीं। 2004, 2009, 2014, 2019 में सोनिया ने प्रचंड जीत के साथ यह सीट अपने पास रखी है।

### अबकी बार ये है समीकरण

राज्यसभा सांसद निर्वाचित हो चुकीं सोनिया गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में नहीं उतरीं। इसके बाद अटकलें यह भी लगाई जाने लगीं कि कांग्रेस रायबरेली सीट से सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी को उतार सकती हैं। सक्रिय राजनीति में आने से पहले से प्रियंका अमेठी और रायबरेली सीट से मां सोनिया और भाई राहुल गांधी का चुनावी प्रबंधन देखती रही हैं। हालांकि, नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस ने रायबरेली सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। भाजपा ने यहां से दिनेश प्रताप सिंह को अपना चेहरा घोषित किया है। वहीं, बसपा ने ठाकुर प्रसाद यादव को मौका दिया है।

# वरुथिनी एकादशी व्रत आज

## वैशाख मास, शनिवार और एकादशी के योग में भगवान विष्णु के साथ करें शनिदेव की भी पूजा, जल का करें दान

जबलपुर।

शनिवार, 4 मई आज वरुथिनी एकादशी व्रत किया जाएगा। ये मई महीने का पहला बड़ा व्रत है। अभी वैशाख मास चल रहा है और इस मास का महत्व काफी अधिक माना जाता है। वैशाख, शनिवार और एकादशी के योग धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत शुभ है। ज्योतिषाचार्य मनीष द्विवेदी के मुताबिक, इस दिन भगवान विष्णु के लिए व्रत करें और मौसमी फल जैसे आम, तरबूज, खरबूजे का दान भी खासतौर पर करना चाहिए।

वरुथिनी एकादशी के व्रत से भक्तों के सभी पाप और दुख दूर होते हैं। माना जाता है कि सूर्य ग्रहण के समय दान-पुण्य करने से जो पुण्य मिलता है, वही पुण्य वरुथिनी एकादशी के व्रत और इस दिन दान करने से मिलता है। भगवान विष्णु की कृपा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और कार्यों में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।



### कर सकते हैं ये शुभ काम

वरुथिनी एकादशी पर सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। जल चढ़ाने के लिए तांबे के लोटे का उपयोग करना चाहिए। घर के मंदिर में गणेश पूजा करें। गणेश जी को जल और पंचामृत से स्नान कराएं। वस्त्र-हार-फूल से श्रृंगार करें। चंदन का तिलक लगाएं। दूर्वा अर्पित करें। लड्डू का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाएं। श्रीं गणेशाय नमः मंत्र का जप करें। गणेश पूजा के बाद भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की पूजा करें। विष्णु-लक्ष्मी का दक्षिणावर्ती शंख से अभिषेक करना चाहिए। अभिषेक में दूध का इस्तेमाल करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। इसके बाद मिठाई का भोग तुलसी के साथ लगाएं। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। धूप-दीप जलाकर आरती करें। शनिवार को शनिदेव की विशेष पूजा करनी चाहिए। शनि मंदिर जाएं और शनिदेव का तेल से अभिषेक करें। शनि भगवान को नीले फूल और नीले वस्त्रों के साथ काले तिल भी चढ़ाएं। तिल से बने व्यंजन का भोग लगाएं। तेल का दान करें। जरूरतमंद लोगों को जूते-चप्पल का भी दान जरूर करें। शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े फूलों से श्रृंगार करें। शिवलिंग पर चंदन का लेप लगाएं। मिठाई का भोग लगाएं और दीपक जलाएं। शिव जी के सामने राम नाम का जप करना चाहिए।

## संत निरंकारी मण्डल का विशाल रक्तदान शिविर, वाहन रैली आज

**जबलपुर।** संत निरंकारी मण्डल की ब्रांच जबलपुर में चैरिटी फ़ाउंडेशन के सौजन्य से 04 मई दिन शनिवार को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक "रक्तदान महादान" की जन जागृति हेतु एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें ब्रांच के सेवादार खाकी व नीली वर्दी पहने तथा साध संगत अपने-अपने चार पहिया वाहनों पर सवार हाथों में प्रेरक बैनर तथा पम्पलेट बांटते हुए शहर के मुख्य स्थलों से विचरण करेंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह रैली को हरी झंडी दिखाकर शहर के हृदय स्थल संत निरंकारी सत्संग भवन गोलबाजार से आरंभ करेंगे, जो मालवीय चौक, कमानिया गेट, अंधेरदेव, घंटाघर, तैयब अली पेट्रोल पम्प होते हुए गोरखपुर, शास्त्री ब्रिज, मदन महल से उद्गम स्थान संत निरंकारी भवन गोलबाजार लगभग 11 कि.मी. की यात्रा कर संस्कारधानी के जन-जन को रक्तदान हेतु प्रेरित करती हुई पहुंचेगी।

## चर-अचर के स्वामी हैं भगवान शिव : पं. मिथलेश तिवारी

### अच्छे-बुरे कर्मों दोनों का फल देने में तत्पर भोलेनाथ, बिलहरी में शिवमहापुराण जारी

**जबलपुर।** पृथ्वी लोक में जन्म-जमान्तर तक भगवान शिव का नाम अमिट रहेगा। वे देवता और दैत्य दोनों के आराध्य रहे हैं, दोनों की रक्षा करते हैं। चर-अचर के स्वामी भगवान शिव ही हैं। उक्त उद्गार बिलहरी में चल रही श्री शिवपुराण में व्यास पीठ से कथावाचक पं. मिथलेश तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने शिव की विभिन्न कथाओं का वर्णन करते हुए जालंधर, शंखचूर्ण जैसे दैत्यों के संबंध में विस्तार से बताया। भगवान शिव हमेशा भक्तों के वश में रहते हैं, वे अजेय से अजेय वरदानी को भी उनके कर्मों के अनुसार फल देने में भी अग्रणी हैं। शिवपुराण के छठवें दिवस 4 मई को भगवान के बारह ज्योर्तिलिंगों का वर्णन किया जायेगा। 5 मई को पुराण का सार एवं 6 मई को हवन के साथ भण्डारा आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मंगलराम महावर, ब्रजलता महावर, महेन्द्र गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, आमा श्रीवास्तव, मीरा महावर, लवलीन महावर, सहित समस्त आयोजकों ने श्रद्धालु भक्तजनों से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।





## जेईई मेंस में जबलपुर के छात्रों का सुयश

**जबलपुर।** कॉम्पटीशन एग्जाम में नारायणा इंस्टीटयूट ने हाल ही जारी हुए जेईई मेंस की परीक्षा में जबलपुर स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इंस्टीटयूट के ब्रांच मैनेजर सत्यप्रकाश पांडे ने बताया कि जेईई के रिजल्ट के मद्देनजर जबलपुर में स्टूडेंट्स ने पहली, पाँचवी, छठवीं, आठवीं व दसवीं रैंक हासिल की है, जो जबलपुर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

पवन कुमार शुक्ला के अनुसार, ऑल इंडिया रैंक की बात करें तो पहले नम्बर पर नारायणा इंस्टीटयूट के गजरे नीलकृष्ण हैं। पांचवे पर एच विदित, छठवें पर मुथावारापू अनूप, सातवें पर एम साई तेजा, आठवें पर चिंटू सतीश कुमार, दसवें पर आर्यन प्रकाश व बारहवें नम्बर पर रोहन साई बप्पा रहे। वहीं जबलपुर की बात करें तो अर्जित साहू,नमन गुप्ता, अभिज्ञान चतुर्वेदी, शौर्य सेठ,यश दुबे, आर्यन उपाध्याय, कौशल वासवानी, ओशिन दुबे, सर्वज्ञ श्रीवास्तव, अभिनव शुक्ला, शौर्य जैन, अयान सिद्दीकी, प्रियांशी कनोजिया हर्ष विश्वकर्मा, हर्षिता जाधव, पदमश्री बोरकर, ऋषि अहिरवार, निमिषा धोरेलिया व प्रणय चाचरेकर हैं।

## प्रत्येक विकासखंड में लगाया जाए यूनिफार्म मेला : विश्नोई

**जबलपुर।** पाटन के विधायक अजय विश्नोई ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर बताया कि स्कूली छात्रों के लिए लगाये गए पुस्तक मेले का लाभ हजारों छात्रों को मिला है, अभिभावक लूट से बचे हैं, इस सराहनीय प्रयास के लिए साधुवाद। उन्होंने अनुरोध किया है कि इसी तर्ज पर जिले के प्रत्येक विकासखंड में संचालित प्राइवेट स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए, उनके स्कूल का यूनिफार्म (स्कूल ड्रेस) उपलब्ध कराने के लिए स्व-सहायता समूह की बहनों के माध्यम से जून माह में मेलों का आयोजन किया जाए। मेरा विश्वास है कि छात्रों को बाजार मूल्य से आधे मूल्य पर स्कूल ड्रेस उपलब्ध हो सकेगी, साथ ही आपका यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के स्व-सहायता समूहों की दीदीयों को रोजगार उपलब्ध कराएगा।

## स्वच्छता श्रमदान कर किया जंजीरा पुल का सौंदर्यीकरण

### घमापुर से दंगल मैदान तक स्वच्छता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

जबलपुर।

स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत एवं नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज संभाग क्र. 12 महर्षि अरविंद वार्ड क्र. 53 के जंजीरा पुल से स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जो की घमापुर चौराहा, बाई का बगीचा, सरकारी कुंआ एवं वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर घमापुर दंगल मैदान में समाप्त हुई जिसमें रैली मार्ग के सभी व्यापारिक एवं रहवासी क्षेत्रों के आम नागरिकों, दुकानदारों, राहगीरों को नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में जबलपुर को नंबर 1 बनाने एवं जबलपुर को स्वच्छ बनाये रखने का आव्हान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इससे पूर्व रैली के प्रारंभ में संभाग क्रमांक 12 में स्थित जंजीरा पुल में स्वच्छता श्रमदान गतिविधि का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत पुल के आसपास के एरिया को साफ़ सफाई कर जेटिंग मशीन से धुलवाई कर रंगोली से सजाया गया एवं आस पास के आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया, स्वच्छता रैली में उपस्थित संभाग क्रमांक 12 के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, नगर निगम की आईईसी संस्था ने रैली के दौरान जगह जगह रुक कर नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी जिसमें रैली मार्ग के नागरिकों को दुकान एवं घर से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की कचरे वाली गाड़ी में ही देने के लिए आग्रह किया गया। साथ ही साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पोलीथिन उपयोग करने से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी देकर स्वच्छता के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया।




## जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव का रंगारंग समापन



**जबलपुर।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आगाज 2 मई को हुआ, जिसका रंगारंग समापन 3 मई को हुआ। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव कृषि विश्वविद्यालय के डीन रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संभागीय पेंशन अधिकारी अजय सामदेकर उपस्थित रहे। अतिथि-द्वय ने संस्था के छात्र अध्यापकों को संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन पर सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसमें सुरुचि जटकर, अनुप्रिया जैन, माया गोंड, रिचा विश्वकर्मा, शिवम यादव, अनामिका प्यासी, प्रिया पटेल, सेजल पटेल, अवनि पटेल, मोहिनी झारिया, उर्मिला अहिरवार, संजना तंतुवाय ने प्रतिभागिता की। मंच संचालन श्रीमती भावना दुबे वरिष्ठ अध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुधीर उपाध्याय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अजय दुबे सहा. प्राध्यापक, योगेश द्विवेदी सहा. प्राध्यापक, डॉ. राजेश खरे, सतीश तिवारी, कल्पना द्विवेदी, अंजू त्रिपाठी, तरुणा शर्मा का योगदान सराहनीय रहा।

## ब्राह्मण समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 5 को



**जबलपुर।** भारतीय संस्कृति में सदैव विप्र समाज ने भारतीय समाज का मार्गदर्शन किया है, किन्तु वर्तमान समय में विप्र समाज में सामाजिक संतुलन बिगड़ने से समाज में परिचय के अभाव में समय पर विवाह न होने से एक बड़ी समस्या ब्राम्हण समाज में देखी जा रही है जिसे दूर करने का एक प्रयास परिषद द्वारा जबलपुर जिले के मानस भवन में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं अन्य जिलों के युवक-युवतियों के पंजीयन के उपरांत दिनांक 5 मई 2024 को प्रातः 9:00 से एक विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन सभी ब्राम्हणों के लिए किया जा रहा है। समस्त ब्राम्हण समाज के संगठनों से इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज को सहयोग करने की अपील परिषद द्वारा की जाती है। इच्छुक व्यक्ति कार्यक्रम स्थल पर भी पूर्णतः निःशुल्क पंजीयन कराकर उक्त अवसर का लाभ ले सकते हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. राजीव शर्मा रिटा. आई.ए.एस. रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. सी.वी. त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष करेंगे, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव पं. अवधेश उरमलिया रहेंगे। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव पं. डॉ. विजयकांत तिवारी, पं. श्रीमती ममता पयासी जिला अध्यक्ष, पं. श्रीमती रीना दीक्षित महिला संयोजक, पं. श्यामसुन्दर चौबे जिला संयोजक, पं. अवनीश तिवारी, विधि प्रकोष्ठ, पं. सुशील पाण्डेय व्यापार प्रकोष्ठ, पं. रामशंकर शुक्ला वरिष्ठ संरक्षक, पं. गीता अवस्थी कोषाध्यक्ष, पं. छत्रपाल शुक्ला संभागीय सचिव, पं. दीपक तिवारी समाजसेवी, नन्दकिशोर तिवारी उपस्थित रहे।



## सिंथेटिक ट्रैक सिर्फ एथलीटों के अभ्यास हेतु होना चाहिए : मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की संस्कारधानी का एक मात्र राइट टाउन स्टेडियम जो सिर्फ खिलाड़ियों के लिये बना है उसमें खिलाड़ियों को ही पूर्ण सुविधा अभ्यास हेतु नहीं मिल पा रही है, जबकि सिंथेटिक ट्रैक सिर्फ और सिर्फ एथलीटों के अभ्यास हेतु होता है न की वॉकिंग/ पैदल चलने के लिए, परंतु संस्कारधानी का एक मात्र स्टेडियम जो की सालों की मांग के बाद बन पाया है और आज जब खिलाड़ियों को अपना जौहर दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ तो स्टेडियम खिलाड़ियों और पैदल चलने वालों के बीच में उलझ कर रह गया है जो की सिर्फ प्राथमिकता से एथलेटिक्स के लिए होना चाहिए। इस हेतु संस्कारधानी के सभी खेल प्रेमियों एवं आम जनता को भी इस हेतु प्रयास करना चाहिए की जो खिलाड़ियों का हक है वह खिलाड़ियों को मिलना चाहिए तभी भविष्य में अच्छे खिलाड़ी/ एथलीट बन सकेंगे। संघ के रॉबर्ट मार्टिन, मीनुकान्त शर्मा, राकेश श्रीवास, राजेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, धनराज पिल्ले, दिनेश गोंड, शशिरमन स्वामी, कुलदीप सिंग, तेजभान सिंह, मुन्नालाल कतिया आदि ने कलेक्टर, कमिश्नर स्मार्ट सिटी से मांग की है की सिंथेटिक ट्रैक सिर्फ एथलीटों के अभ्यास हेतु होना चाहिए।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर धार्मिक कार्यक्रम कल

**जबलपुर।** संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वीं जयंती के अवसर पर परमात्मन सेन समाज सेवा समिति द्वारा 05 मई को भगवान प्रभु श्री रामलला एवं संत सेन महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजन का आयोजन किया गया है। परमात्मन सेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन ने बताया कि संत सेन महाराज की जयंती के अवसर पर गोहलपुर, मालगुजार परिसर, मेनरोड, चितरंजन वार्ड में 05 मई को सुबह 10 बजे भगवान प्रभु श्री रामलला एवं संत सेन महाराज की प्रतिमा स्थापित कर श्री राम स्तुति एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर पूजन किया जाएगा। साथ ही शाम को 07 बजे उक्त स्थान पर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। समाज के राकेश सेन, मुकेश कुमार सेन, अनिल सेन, आकाश सेन, विनोद सेन, सुरेन्द्र गणेश चौहान, राजा सेन, दिलीप श्रीवास, यश श्रीवास, शुभम श्रीवास सहित अन्य ने उपस्थिति का आग्रह किया है।





## शहर की तरक्की उन्नति खुशहाली के लिए निकले नर्मदा परिक्रमा पर

**जबलपुर।** भाजपा नगर मंत्री प्रणीत वर्मा के आह्वान पर आकाश मलिक मां की नर्मदा परिक्रमा पर संकल्पित होकर देश एवं शहर संस्कारधानी की तरक्की उन्नति एवं हिंदू राष्ट्र धर्म की एकता व अखंडता का संकल्प लेकर भारतीय जनता पार्टी के दोनों ही व्यक्ति संकल्पित होकर निकले नर्मदा यात्रा पर, यात्रा से पूर्व ग्वारीघाट नावघाट पर सपरिवार सहित नर्मदा मैया का पूजन अर्चन, दूध से अभिषेक कर निकले नर्मदा परिक्रमा पर, साथी इष्ट मित्रों व कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर नर्मदा यात्रा का शुभारंभ किया, शुरुआत ओम्कारेश्वर से की जाएगी, लगभग 10 से 12 दिनों की यात्रा होगी। आकाश मलिक ने बताया कि भाजपा नगर मंत्री प्रणीत वर्मा के आह्वान पर उन्होंने नर्मदा परिक्रमा यात्रा के महत्व बताते हुए और इस उद्देश्य की पूर्ति होने की कामनां की है। यात्रा को लेकर खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए बताया कि इस यात्रा को करने में प्रणीत वर्मा एवं आकाश मलिक ने परिवार से मिले संस्कार एवं आशीर्वाद का फल बताया, यात्रा से लौटकर ग्वारीघाट माँ नर्मदा जी के दर्शन कर कन्या भोज कराया जाएगा और माता पिता का आशीर्वाद लिया जाएगा।

## फिर हुई पानी की किल्लत







लालमाटी, सिद्धबाबा, बम्बादेवी, कांचघर, शीतलामाई, सिंधी कैम्प, प्रेमसागर क्षेत्रों में पानी की भीषण समस्या से क्षेत्रीयजन परेशान।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम मलारा प.ह.नं. 58/96 रा.नि.मं. खम्हरिया विकासखंड व जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.नं. 61 रकवा 0.500 हे. में से रकवा 0.400 हे. जिसकी भूस्वामी श्रीमती शिया बाई लोधी है के द्वारा दिनांक 26/2/2015 को 11 माह के लिए उक्त जमीन पर 2 लाख रुपये श्री विशाल सैमसन निवासी सालीवाड़ा जबलपुर से कर्ज लिया था कर्ज का भुगतान दिनांक 22/1/2016 को संजय सिंह को गवाह राम सिंह लोधी व मुकेश सिंह लोधी के समक्ष कर दिया गया है।

संजय सिंह शिकारी, विशाल सैमसन, अभिषेक श्रीवास्तव, संजय सिंह के द्वारा उक्त भूमि को अन्य किसी को विक्रय करते हैं तो वह विक्रय शून्य माना जावे क्योंकि उक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती विधि डागलिया के न्यायालय जबलपुर में परिवाद क्र. 403/2018 श्रीमती सिया बाई लोधी विरूद्ध विशाल सैमसन व अन्य लोगों के विरूद्ध प्रकरण लंबित है। जो दिनांक 06/05/2024 के लिए नियत है।

के.बी. विश्वकर्मा
एडवोकेट
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर

**In The Court Of XIX Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:किरण वर्मा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत)
(RCS A/0000160/2024)
राकेश कुमार रजक....वादी Vs आम जनता....प्रतिवादी
Process Id-/2024 पेशी दिनांक:-30/05/2024
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी राकेश कुमार रजक ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते लापता व्यक्ति को मृत घोषित किये जाने सबंधी घोषणा की आज्ञप्ति प्राप्त किये जाने के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 30 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
मुद्रा (सुश्री किरण वर्मा)
उन्नीसवां सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# समृद्ध ग्राम पतंजलि प्रशिक्षण केन्द्र में दिया गया दो दिवसीय योगाहार प्रशिक्षण

**हरिद्वार।** आचार्य बालकृष्ण पतंजलि योगपीठ तथा पतंजलि आर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में 'योगाहारः एक स्वैच्छिक कार्यक्रम' के 1095 दिवस (3 वर्ष) पूर्ण होने पर आयोजित दो दिवसीय योगाहार प्रशिक्षण शिविर (एक कदम उद्यमिता एवं स्वावलम्बन की ओर) आयोजित किया गया। समृद्ध ग्राम पतंजलि ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 8 राज्यों के 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पतंजलि द्वारा किसानों एवं ग्रामोत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों के साथ-साथ धरती का डॉक्टर मृदा परीक्षण मशीन, बीपीओस मशीन, जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि, हरित क्रांति एवं अन्नदाता ऐप की जानकारी भी दी गयी। इस कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मृदा स्वास्थ्य पर एक सुन्दर नाटिका भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर पतंजलि संस्थान के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने




सभी प्रशिक्षु भाई बहनो को सम्बोधित करते हुए पारंपरिक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि को आगे बढ़ाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि देश में ऋषि कार्य एवं कृषि कार्य के द्वारा ही समृद्धि और आत्मनिर्भरता को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा लघु एवं घरेलू उद्योगों को स्थापित कर और उद्यमिता विकास एवं स्वावलंबन को अपनाने का हर देशवासी को प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य जी ने पद्मश्री सेठ पाल सहित 15 किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पतंजलि परिवार की ओर से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर पतंजलि अनुसन्धान संस्थान, जैविक अनुसन्धान संस्थान, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं समृद्ध ग्राम के वैज्ञानिक, शिक्षक तथा अन्य कर्मयोगी भाई बहनें उपस्थित रहे।



# टीकेएम की टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड जी-एटा लॉन्च

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा।टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं।

# पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन और एसआरएम सेण्टर फॉर क्लिनिकल ट्रायल्स एंड रिसर्च, चेन्नई के बीच एमओयू हुआ हस्ताक्षरित

## आयुर्वेद के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा यह समझौता : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन (पीआरएफ) और एसआरएम (एसआरएम) सेण्टर फॉर क्लिनिकल ट्रायल्स एंड रिसर्च (सीसीटीआर), चेन्नई के बीच आयुर्वेदिक औषधियों के लिए क्लीनिकल ट्रायल अध्ययन के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन की ओर से पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी और पतंजलि अनुसंधान संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वाष्णेर्य तथा एसआरएम सेण्टर फॉर क्लिनिकल ट्रायल्स एंड रिसर्च, चेन्नई की ओर से डॉ. नितिन एम. नागरकर, डॉ. सत्यजीत महापात्र एवं डॉ. सरस्वती त्रिपाठी उपस्थित रहे।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन आयुर्वेद के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त प्रयास आयुर्वेद के पुनरूत्थान में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त प्रयास भारतीय सनातन ज्ञान पर आधारित आयुर्वेद से निर्मित साक्ष्य आधारित औषधियों को क्लिनिकल ट्रायल्स के माध्यम से विश्वपटल पर लाने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत के यह दो प्रमुख संस्थान आयुर्वेदिक औषधियों को दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे।



एसआरएम सीसीटीआर के डीन-सिसर्च, डॉ. नितिन एम. नागरकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय पुरातन चिकित्सकीय विज्ञान, आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

इस अवसर पर क्लीनिकल अनुसंधान के अति-वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. वाई.के. गुप्ता एवं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों संस्थानों को साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए मंगलकामनाएं दी। पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. अनुराग वाष्णेर्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौता ज्ञापन की मदद से दोनों संस्थान साथ मिलकर आयुर्वेदिक औषधियों को प्रभावशीलता को साक्ष्य आधारित रूप से विश्व के समक्ष प्रस्तुत कर विविध रोगों में उनकी उपयोगिता को सिद्ध करेंगे।

# आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जेईई मुख्य 2024 में प्रभावकारी रैंक हासिल किए

**नई दिल्ली।** जेईई (मुख्य) 2024 ( सत्र 2) के परिणाम घोषित हो चुके हैं और आकाशियन्स ने एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे यहाँ से 13485+ होनहार आकाशियन्स हुए हैं। कुल 1293 छात्रों ने 99 और उससे अधिक पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। 9 आकाशियन्स ने शीर्ष और 52 आकाशियन्स ने शीर्ष 500 में एआईआर हासिल की है।

4 वर्षीय क्लासरूम छात्रा सानवी जैन (एआईआर 34, सीआरएल) महिला वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर (एआईआर 1) रही हैं और फिजिक्स एवं मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल के साथ कुल मिलाकर 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। आकाशियन्स एम. साई दिव्या तेजा रेड्डी और ऋषि शेखर शुक्ला - दोनों 4 वर्षीय क्लासरूम छात्र हैं जिन्होंने कुल मिलाकर प्रभावकारी 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। क्रमशः एआईआर 15 और एआईआर 19 के साथ तेलंगाना टॉपर रहे हैं। रचित अग्रवाल (एआईआर 25) पंजाब स्टेट टॉपर हैं और आकाश में 4 वर्षीय क्लासरूम छात्र है, जिन्होंने फिजिक्स और मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। आकाशियन्स द्वारा प्राप्त ये शानदार परिणाम आकाश में प्रदत मार्गदर्शन और उत्तम तैयारी की गुणवत्ता के प्रमाण हैं। हाल ही में घोषित जेईई (मुख्य) परिणाम में आकाशियन्स के शानदार आँकड़े देखने को मिलेः 100 पर्सेंटाइल- 257, (फिजिक्स/केमिस्ट्री/मैथ्स), 99+ पर्सेंटाइल 1293। 95+ पर्सेंटाइल 5841। आकाश इंस्टीट्यूट ने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सानवी जैन, ऋषि शेखर, साई तेजा रेड्डी और रचित अग्रवाल ने अपने साक्षात्कार में जी के लिए तैयारी की योजना और सफलता में आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण







भूमिका के बारे में जानकारी साझा की।

आकाश की कक्षाओं में नियमितता बनाए रखने, किसी भी टेस्ट में अनुपस्थित न रहने, डाउट्स क्लियर करने के लिए सदैव शिक्षकों की सलाह लेने, एफटीएस (फाइनल टेस्ट सीरीज) जैसी विशिष्ट एवं फोकस टेस्ट सीरीज की महत्वता के कारण उन्हें अपनी त्रुटियों का विश्लेषण करने और उन्हें दूर करने में सहायता मिली। इसके साथ ही सभी

एम.साई दिव्या तेजा रेड्डी (एआईआर 15 - तेलंगाना टॉपर) ने कहा कि मैंने आकाश में फाउंडेशन कोर्स से प्रारम्भ होने वाले चार वर्षीय प्रोग्राम के लिए प्रवेश लेने के बाद, अपनी तैयारी के लिए योजना बनाने के महत्व को समझा, जिसे आकाश इंस्टीट्यूट ने प्रभावकारी रूप से पूरा किया। ऋषि शेखर शुक्ला (एआईआर 19) ने कहा, मुझे आकाश इंस्टीट्यूट के बारे में एक विशेष परीक्षा - एन्थे के माध्यम से पता चला।

दौरान सेल्फ-स्टडी के द्वारा अवधारणाओं का रिविज़न करने, सुदृढ़ तथा कमजोर बिन्दुओं की पहचान करने और नियमित अभ्यास पर ध्यान-केंद्रित करने में सहायता मिली। परीक्षाओं के दौरान प्रभावी रूप से समय का सही प्रबंधन करना, मेरे स्टडी रूटीन की एक अन्य मुख्य विशेषता रही। एम. साई दिव्या तेजा रेड्डी ने कहा कि कमजोर बिन्दुओं की पहचान करने तथा उन्हें सुदृढ़ करने और मॉक टेस्ट

## 3 में से 1 आकाशियन को शीर्ष कॉलेज मिला

टॉपर्स ने पर्याप्त नींद और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने की भूमिका जैसे सामान्य विषयों पर भी बात की। नीचे उनके साक्षात्कार का एक अंश दिया गया हैः

**प्रश्न - आपको किस बात ने जेईई की तैयारी के लिए आकाश इंस्टीट्यूट में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया?**

उत्तर - सानवी जैन (एआईआर 1 - ऑल इंडिया महिला टॉपर, कर्नाटक टॉपर - एआईआर 34): मैंने अपने पिता के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर आकाश में चार वर्षीय कोर्स के लिए 9th कक्षा में प्रवेश लिया था, जिससे मुझे अपनी कमजोर अवधारणाओं को सुदृढ़ करने में सहायता मिली।

फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में व्यक्तिगत रुचि होने व मेरे माता-पिता के इंजीनियरिंग-बैकग्राउंड के कारण, मेरी जेईई की तैयारी के लिए आकाश बिल्कुल सही साबित हुआ।

रचित अग्रवाल (एआईआर 25): मुझे आकाश के बारे में अपने बड़े भाई से पता चला, जो आकाश से पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में राजस्थान से सीएस कर रहे हैं। उनकी सफलता ने मुझे प्रेरित किया।

**प्रश्न - जेईई की तैयारी के दौरान आपको अध्ययन करने की कौनसी आदतें सबसे प्रभावी लगीं?**

उत्तर - सानवी जैन ने कहा, मेरी तैयारी के हल करने से मेरी तैयारी में विशेष मदद मिली।

ऋषि शेखर शुक्लाः दैनिक लक्ष्य निर्धारित करना, कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहना और अनुशासन बनाए रखना, मेरी सामान्य अध्ययन आदतें थीं। अध्ययन तथा विश्राम के समय के बीच संतुलित दृष्टिकोण के साथ-साथ प्रभावी समय प्रबंधन ने मेरी सफल तैयारी में विशेष योगदान दिया। रचित अग्रवाल ने कहा दैनिक लक्ष्य निर्धारित करके और कक्षा में नियमित उपस्थित रहकर अनुशासन बनाए रखना मेरी अनिवार्य आदतें थीं। इसके अतिरिक्त, अध्ययन करने के समय और संगीत सुनने व क्रिकेट खेलने के समय के बीच संतुलन ने मुझे लिए ध्यान केंद्रित रहने में मदद की।

जेईई अभ्यर्थियों के लिए सलाह - जेईई के अभ्यर्थियों के लिए ऋषि की सलाह एक सरल लेकिन गहन हैः कड़ी मेहनत करें, नियमितता बनाए रखें और कभी हार न मानें। जी की चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ-साथ निरंतर प्रयास करते रहना महत्वपूर्ण है। ऋषि के शब्दों में, 'वास्तव में, लगन और दृढ़-संकल्प के अलावा निरंतर कड़ी मेहनत करना भी जेईई में हमारी सफलता की कुंजी है।" साई तेजा रेड्डी छात्रों को सलाह देते हैं कि "परीक्षा से पहले अधिक से अधिक मॉक टेस्ट दें'। रचित का मानना है कि किसी को कभी भी कक्षा में अनुपस्थित नहीं रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें जो कुछ भी पढ़ा है उसकी 'नियमित रूप से समीक्षा' करने की आदत डालनी चाहिए। यदि आप इन छात्रों की सफलता की कहानियाँ पढ़कर प्रेरित हो रहे हैं और डॉक्टर या इंजीनियर बनने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं, तो एक अच्छे शिक्षक या प्रशिक्षक के महत्व को कम नहीं किया जा सकता है। इसलिए समझदारी-पूर्वक चयन करें, जैसा कि आकाशियन एम. साई तेजा रेड्डी कहते हैं, 'शुरुआत अच्छी हो तो, काम आसान हो जाता है।'

# सी2एफओ का ट्रेड्स मंच चालू हुआ

## एसबीआई और डाबर इंडिया बने पहले भागीदार

**नई दिल्ली।** सी2एफओ ने शुक्रवार को कहा कि एमएसएमई की नकदी संबंधी चुनौतियों का समाधान करने वाला उसका 'ट्रेड्स' मंच चालू हो गया है और एसबीआई एवं डाबर इंडिया उसके पहले भागीदार बने हैं।

सी2एफओ के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सी2एफओ फैक्टरिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ट्रेड्स मंच को चालू करने की मंजूरी मिलने के बाद इसे सक्रिय किया गया है। मांग के आधार पर कंपनियों को कार्यशाली पूंजी मुहैया कराने में मदद करने वाली कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी।

ट्रेड्स सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम इकाइयों की वित्तीय मदद के लिए आरबीआई की तरफ से चलाई गई एक पहल है। इसे सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय का समर्थन भी हासिल है। यह मंच एमएसएमई इकाइयों के सामने आने वाली नकदी और कार्यशील पूंजी की चुनौतियों का समाधान करता है।

सी2एफओ इंडिया की प्रमुख बसंत कौर ने कहा, /"किसी व्यवसाय में वृद्धि के लिए सबसे बड़ी बाधा कार्यशील पूंजी की उपलब्धता है। सी2ट्रेड्स की शुरुआत के साथ एमएसएमई के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक मूल्य को हासिल करने और भारत की वृद्धि में योगदान करने में मदद मिलेगा।/"

### वित्त पोषण और छूट की सुविधा

ट्रेड्स एक इलेक्ट्रॉनिक मंच के रूप में कार्य करता है जो वित्त मुहैया कराने वाली इकाइयों के जरिये एमएसएमई के व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण और छूट की सुविधा देता है।

देश के लगभग 50,000 एमएसएमई सी2एफओ के भारतीय नेटवर्क का हिस्सा हैं।

# कोहली से पारी का आगाज कराएं रोहित

**नई दिल्ली।** पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। जडेजा ने जियो सिनेमा से कहा, 'विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जाएगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा।'

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास

**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे टी20 विश्व कप के लिए मैच अधिकारी

एजेंसी ▶▶| दुबई



अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल के अलावा सैम नो गा ज स्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

**अंपायर**

क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने, माइकल गॉ, एड्रियन होल्डस्टोक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, अलाहुद्दीन पालेकर, रिचर्ड केटलबोरो, जयरमन मदनगोपाल, नितिन मेनन, सैम नोगाजस्की, अहसान रजा, राशिद रियाज, पॉल रिफेल, लैंगटन रूसेरे, शाहिद सैकत, रोडने टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और आसिफ याकूब।

**मैच रैफरी :** डेविड बून, जेफ क्रो, रंजन मदुगले, एंड्रयू पाइक्रोफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल

# सीए परीक्षा अब साल में तीन बार होगी

**हरिभूमि न्यूजः भोपाल।** अब सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष में तीन बार आयोजित की जाएगी। अग्निवीर योजना देश सेवा में कॅरियर बनाने का युवाओं को स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है। प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि विषय विशेषज्ञ के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया भोपाल शाखा की अध्यक्ष सीए पारुल श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में कहा कि अब सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षा, वर्ष में तीन बार आयोजित की जाएगी। पहले यह वर्ष में दो बार होती थी। जिन छात्रों ने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से कक्षा 12वीं परीक्षा पास की है, वे सीए फाउंडेशन परीक्षा दे सकते हैं। फाउंडेशन परीक्षा पास करने के बाद सीए इंटरमीडिएट परीक्षा दी जाती है और अंतिम चरण सीए फाइनल परीक्षा का होता है। इसे पास करने पर चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपाधि प्राप्त हो जाती है। सीए परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं होता है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस
कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी
व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड
मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5501




**बाएँ से दाए-**

1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5500 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5512

**** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5511 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# हेमा ने 44वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर धर्मेंद्र संग शेयर किया प्यारा वीडियो

**मुंबई।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की शादी को 44 साल हो चुके हैं। 44वीं वेडिंग एनिवर्सरी पर एक्ट्रेस ने एक प्यारा वीडियो शेयर कर पति धर्मेंद्र को वेडिंग एनिवर्सरी विश की है। हेमा मालिनी ने जो वीडियो शेयर किया है, वह एक फैन ने बनाया है। इसमें दोनों स्टार्स की जवानी से लेकर अब तक की अनदेखी तस्वीरों और यादगार पलों को समेटा गया है। हेमा मालिनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर कर धर्मेन्द्र को शादी की 44वीं सालगिरह की बधाई दी, और लिखा, 'आज हमारी शादी की सालगिरह है। 44 साल का साथ, 2 खूबसूरत बेटियां, प्यारे बच्चे हमारे आसपास हैं और हमें अपने प्यार से सराबोर कर रहे हैं। हमारे फैंस हैं, जो हम पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं।

## लाइफ Style



# अदिति

## सिद्धार्थ संग मंदिर में की थी सगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'हीरामंडी' में नजर आ रहीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने इस साल मार्च में साउथ फिल्मों के स्टार सिद्धार्थ से गुपचुप सगाई कर ली थी। दोनों साल 2021 से छुपकर एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, और कभी अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल नहीं किया। और उसी बीच उन्होंने सगाई कर रिश्ते पर मुहर लगा दी।

सगाई के बाद भी अदिति राव और सिद्धार्थ इसे लेकर चुप रहे, पर अब एक्ट्रेस ने अपनी सगाई की कुछ डिटेल शेयर की हैं। अदिति ने बताया कि उन्होंने सिद्धार्थ के साथ परिवार के 400 साल पुराने मंदिर में सगाई की। अदिति ने इसकी वजह भी बताई है। अदिति ने बताया, 'मैं हमारी शुरुआत अपने परिवार के एक मंदिर से करना चाहती थी, जो 400 साल पुराना है। मैं वहां जाकर पूजा करना चाहती थी। वहां हमने सगाई की छोटी सी रस्म की। चारों ओर बहुत सारी अफवाहें चल रही थीं, इसलिए सबकुछ क्लियर करने के लिए हमने इंस्टाग्राम पर सगाई वाली तस्वीर पोस्ट करने का फैसला किया।' 'मेरी मां ने मुझसे कहा था कि प्लीज लोगों को बता दो, नॉनस्टॉप बहुत फोन आ रहे हैं। तो ये कुछ ऐसा था कि उन्होंने हां कहा और मैंने भी हां कहा।' मालूम हो कि अदिति राव और सिद्धार्थ ने अपनी सगाई की अंगूठी दिखाते हुए तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी और साथ में बताया था कि उन्होंने सगाई कर ली है। अदिति के मुताबिक, वह तस्वीर उनके घर पर खींची गई थी। वहीं, शादी को लेकर सिद्धार्थ ने एक इवेंट में कहा था कि शादी की तारीख घर के बड़े तय करेंगे। वो फैसला लेंगे कि क्या करना है।

## हॉलीवुड मसाला



# किंग खान के हैं दीवाने...

**मुंबई।** डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना का एक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह विदेशी एक्सेंट में शाहरुख का गाना 'भोली सी सूरत' गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जॉन सीना का ये वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। शाहरुख खान बॉलीवुड के ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के दिलों के भी बादशाह हैं। ये तो सब जानते है कि शाहरुख खान के फैंस दुनियाभर के हर एक कोने में मौजूद हैं।



# 'लव एंड थंडर' को लेकर क्रिस का छलका दर्द...

**मुंबई।** क्रिस हेम्सवर्थ हॉलीवुड के मशहूर अभिनेताओं में से एक हैं। पूरी दुनिया में उनके करोड़ों चाहने वाले हैं। क्रिस हेम्सवर्थ अपने किरदार 'थॉर' के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान क्रिस हेम्सवर्थ अपनी फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' के बारे में खुलकर बातें करते नजर आए। क्रिस हेम्सवर्थ इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' में अपने किरदार को लेकर बिल्कुल संतुष्ट नहीं हूं। मुझे ऐसा लगता है कि मैं इस फिल्म में खुद को ही कॉपी कर रहा था। मैं इससे बेहतर कर सकता था। मैंने अपने इस किरदार के साथ न्याय नहीं किया'। क्रिस हेम्सवर्थ आगे कहते हैं, 'मैं अपनी कई फिल्मों को लेकर निराश हूं।



# श्रेया और सुनिधि ने साझा की तस्वीरें

**मुंबई।** श्रेया घोषाल और सुनिधि चौहान भारत की दो बेहतरीन गायिकाएं हैं। इन्होंने कई सुपरहिट गाने दिए हैं। भारतीय संगीत की दुनिया में इन दोनों अभिनेत्रियों ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। दोनों ही गायिकाओं को उनकी आवाज और बहुमुखी अंदाज के लिए जाना जाता है। दोनों लंबे समय से बॉलीवुड में सक्रिय हैं। हाल में ही दोनों की फ्लाइट में मुलाकात हो गई, जिसके बाद उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीर में दोनों मुस्कुराते हुए सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए श्रेया ने लिखा, 'एस सी एस जी ने इंटरनेट पर मचाया धूम'। श्रेया और सुनिधि की यह तस्वीर लोगों को काफी पसंद आई है। इस पोस्ट पर दोनों गायिकाओं के फैंस खूब प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। श्रेया की इस पोस्ट पर सुनिधि ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।



# शाहरुख थे 'मुन्ना भाई...' के लिए पहली पसंद

**मुंबई।** 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' एक ऐसी फिल्म थी जिसने दर्शकों के दिल पर आज तक अपनी छाप बनाए रखी है। आज भी जब कोई नकल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे 'मुन्ना भाई' की उपाधि दे दी जाती है। मुन्ना भाई एमबीबीएस में मुन्ना का किरदार निभाने वाले अभिनेता संजय दत्त और उनके साथी सर्किट (अरशद वारसी) चुटकुलों के माध्यम से हर किसी की जुबां पर हैं। अब 21 सालों बाद इस राज से पर्दा उठा है कि मुन्ना भाई के रोल के लिए पहली पसंद संजय दत्त नहीं थे। यह खुलासा अभिनेता मकरंद देशपांडे ने किया है। अभिनेता मकरंद देशपांडे को अब तक की सबसे प्रतिष्ठित हिंदी फिल्मों में काम करने का मौका मिला था। मकरंद को 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' और 'लगान' जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर दिया गया था।

## टीवी मसाला



# 'औकात' को लेकर नेहा से झगड़े अभिजीत

**नई दिल्ली।** 'सुपरस्टार सिंगर' सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो में से एक है। इसकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और शो का तीसरा सीजन चल रहा है। शो की टीआरपी भी काफी शानदार रही है। शो में अरुणिता कांजीलाल, पवनदीप राजन, सयाली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली कैप्टन हैं। नेहा कक्कड़ इस शो की जज हैं और हर्ष लिंबाचिया होस्ट के तौर पर नजर आ रहे हैं। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने शादी का खास सीजन देखा। शादी के स्पेशल वीक में शो पर अभिजीत भट्टाचार्य और अनुराधा पौड़वाल गेस्ट बनकर पहुंचे थे। इस दौरान नेहा कक्कड़ और अभिजीत भट्टाचार्य की जमकर लड़ाई हो गई। दरअसल सलमान और आर्यन की परफॉर्मेंस के बाद अभिजीत ने शादियों में सिंगर्स के गाने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि, 'कोई पैसा देता है और सिंगर्स शादियों में गाने लगते हैं और इससे आपकी औकात कम हो जाती है।' अभिजीत ने कहा, 'कोई भी पैसा देगा और सिंगर्स शादी में गाने लगे तो उसमें औकात कम होती है. मेरी औकात है, मैं बोल देता हूं, मैं नहीं गाऊंगा। दुनिया की कोई ताकत तुम्हें खरीद नहीं सकती।' नेहा अभिजीत की इस बात से खफा दिखाई दी और उन्होंने कहा कि इंसान अपनी मेहनत से कमाता है और शादियों में गाने में कोई बुराई नहीं है'

## 'रामायण' में कैकेयी का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** एक्ट्रेस लारा दत्ता लंबे समय से सुर्खियों में हैं। उनकी कुछ तस्वीरें एक सेट से वायरल हुई थी। उसमें वह एकदम महारानी लुक में नजर आ रही थीं। कहा जा रहा था कि वह 'रामायण' में कैकेयी का रोल निभा रही हैं। लेकिन अब एक्ट्रेस ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता की वेब सीरीज 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' रिलीज हो चुकी है। इसमें वह जिम्मी शेरगिल के अपोजिट नजर आ रही हैं। इसको प्रमोट करने के लिए एक्ट्रेस लगातार इंटरव्यूज दे रही हैं। इन्होंने नितेश तिवारी की 'रामायण' के बारे में बात की है। लारा दत्ता के बारे में खबर आ रही थी कि वह 'रामायण' में कैकेयी का रोल कर रही हैं। सेट से भी उनकी शीबा चड्ढा के साथ फोटो वायरल हुई थी। कहा जा रहा था कि वह कैकेयी और शीबा मंथरा बनी हैं।



# आमिर अली ने विराट को दिया परफेक्ट पति का टैग

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली अपने बच्चों को लेकर काफी प्रोटेक्टिव हैं। उन्होंने आज तक अपनी बेटी वामिका और बेटे अकाय के चेहरे को दुनिया के सामने उजागर नहीं किया है। पिछले दिनों अभिनेता आमिर अली ने विराट कोहली



के साथ एक प्रोजेक्ट में काम किया। उस दौरान विराट कोहली ने उन्हें अपने बेटे अकाय की तस्वीर को भी दिखाया था। वहीं , आमिर अली ने एक इंटरव्यू के दौरान विराट कोहली के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए। आमिर अली को विराट कोहली एक परफेक्ट पति लगते हैं। आमिर कहते हैं, 'जब भी विराट अनुष्का के बारे में बात करते हैं उनका चेहरा अलग तरह की चमक से खिल उठता है। वे इतने बड़े स्टार हैं, लेकिन जब वे अनुष्का की तस्वीरें दिखा रहे थे तब उनके चेहरे पर एक अलग खुशी थी। हमने क्रिकेट के बारे में भी काफी बातें की, लेकिन जब वो अपने घर और परिवार के बारे में बात करते हैं तब आप उनकी खुशी को महसूस कर सकते हैं'।

### 'अकाय' हैं गोलू-मोलू

आमिर अली अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, 'विराट ने मुझे अपने बच्चों की तस्वीरें भी दिखाईं। अकाय एकदम प्यारे और गोलू-मोलू से दिखते हैं। ईश्वर उनको बुरी नजर से बचाए। मैं अनुष्का और विराट के फैसले का सम्मान करता हूं। वे अपने बच्चों को सामान्य रूप से बड़ा करना चाहते हैं'।

# 'पुष्पा 2' का पहला धमाकेदार गाना हुआ रिलीज

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन की यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। वहीं फिल्म के मेकर्स ने फिल्म के गाने 'पुष्पा-पुष्पा' को रिलीज कर दिया है। दर्शकों में इस गाने को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है।

### 'पुष्पा-पुष्पा' कर रही है दुनिया

'पुष्पा 2ः द रूल' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन के अलावा इस फिल्म रश्मिका मंदाना और फहद




फासिल भी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। वहीं, दर्शकों के उत्साह को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म के गाने 'पुष्पा-पुष्पा' को रिलीज कर दिया है। इस गाने में 'पुष्पा' के गुणों के बारे बताया गया है।

### 15 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

'पुष्पा 2ः द रूल' को लेकर अल्लू अर्जुन काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अपने रिलीज से पहले ही यह फिल्म कई रिकॉर्ड्स को अपने नाम कर चुकी है। वहीं इस साल 15 अगस्त को 'पुष्पा 2ः द रूल' दर्शकों के सामने होगी। निर्देशक सुकुमार अपनी फिल्म का विश्व प्रीमियर करने वाले हैं।

### मीका सिंह की आवाज का जादू

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' अपने रिलीज के लिए तैयार है। वहीं मेकर्स ने फिल्म के गाने को रिलीज करके दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया है। 'पुष्पा-पुष्पा' गाने में मीका सिंह की आवाज की दहाड़ सुनाई पड़ रही है। आने वाले दिनों में यह गाना सबकी जबान पर होने वाला है। इसकी धुन और इसके लिरिक्स दोनों ही कमाल के हैं। वहीं वीडियो की बेहद भव्य तरीके से इस गाने को निर्देशक ने शूट किया है।

# मई-जून में बॉलीवुड सुपरस्टार्स की फिल्में नहीं हो रहीं रिलीज, ठंडा पड़ा है बॉक्स ऑफिस...

*गर्मियों की छुट्टियों को अमूमन बॉलीवुड में कमाई का सीजन समझा जाता है और इस दौरान बड़े सितारे अपनी फिल्में रिलीज करते हैं। लेकिन इस बार मई-जून के महीने में किसी बॉलीवुड सुपरस्टार की फिल्म रिलीज नहीं होगी। जबकि बीते साल जून के महीने में सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' रिलीज होनी थी, लेकिन आखिरी मौके पर फिल्म की शूटिंग पूरी नहीं हो पाने के चलते उसे पोस्टपोन कर दी गई। यह तो सिर्फ एक बानगी है। वरना गर्मियों की छुट्टियों के सीजन को फिल्मवाले हमेशा से कमाई का मौका मानकर चलते हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि इस बार मई-जून के महीने में किसी बड़े बॉलीवुड सुपर सितारे की फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।*

**मुंबई।** फिल्म रिलीज कैलेंडर पर नजर डालें तो जून में रिलीज होने वाली कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' के अलावा कोई दूसरी बड़ी हिंदी फिल्म समर सीजन में सिनेमाघरों पर नहीं आएगी। जबकि अगर बीते सालों पर नजर डालें तो साल 2019 में सलमान खान की सुपरहिट फिल्म 'भारत' और साल 2018 में रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म 'संजू समर' सीजन में ही रिलीज हुई थीं।

***सिनेमावालों की हालत पहले से ही है खराब :*** गर्मियों के मौसम में बॉलीवुड के मैदान खाली छोड़ देने के ट्रेंड के बारे में फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'इस बार की गर्मियों में सिनेमा का बिजनेस एकदम ठंडा पड़ा हुआ है। वरना इस दौरान गर्मियों की छुट्टियों के चलते यह पीरियड हमेशा से बॉलीवुडवालों के लिए कमाऊ माना जाता रहा है।



### चुनाव के चलते फिल्मों का टोटा

समर सीजन में सिनेमाघरों में पड़े बड़ी फिल्मों के अकाल के बारे में प्रोड्यूसर व फिल्म बिजनेस एनालिस्ट गिरीश जौहर कहते हैं, 'गर्मियों की छुट्टियों को हमेशा से फिल्मों के लिए कमाऊ सीजन माना जाता है। लेकिन इस बार चुनावों के चलते इस दौरान बड़ी फिल्में रिलीज नहीं हो रही हैं। दरअसल, बड़ी फिल्मों की रिलीज के लिए बड़े मार्केटिंग प्लान की जरूरत होती है। लेकिन फिलहाल चुनाव के चलते हर ओर दूसरी चीजें हावी हैं। ऐसे में, अगर कोई बड़े बजट की फिल्म का निर्माता उसके प्रमोशन के लिए कोई ऐड या जगह भी बुक करता है, तो वह उसे आसानी से नहीं मिलेगा और उसे उसके लिए ज्यादा पैसा भी चुकाना होगा। यही वजह है कि बड़ी फिल्मों के निर्माता गर्मियों की छुट्टी के दौरान कोई फिल्म रिलीज नहीं कर रहे हैं।

# ताज के सामने पोज देते हुए बेहोश हो गई थीं मिस यूनिवर्स सुष्मिता

**मुंबई।** साल 1994 में जब सुष्मिता सेन ने मिस यूनिवर्स का ताज पहना था, वह भारत के लिए गर्व का पल था. ताज जीतने के बाद सुष्मिता सेन का ताजमहल के सामने आइकॉनिक फोटोशूट हुआ था। एक्ट्रेस ने इसके लिए डार्क गुलाबी साड़ी पहनी थी, लेकिन इस फोटोशूट के शुरुआत में अभिनेत्री को पहनने के लिए शॉर्ट्स भेजे गए थे। फैशन डिजाइनर रितु कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे इस शूटिंग के लिए उन्होंने आखिरी समय में साड़ी तैयार करवाई थी।



### रितु कुमार ने शेयर किया आर्काइव वीडियो

रितु कुमार ने अपने इंस्टा हैंडल पर एक आर्काइव वीडियो शेयर किया है, जिसमें सुष्मिता सेन का शूट होता नजर आ रहा है। उन्होंने शूटिंग के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे उस वक्त सुष्मिता सेन बेहोश हो गई थीं। रितु ने लिखा, 1993 में मैंने कंटेस्टेंट्स के लिए कपड़े डिजाइन करने के लिए मिस इंडिया टीम के साथ एक डील की थी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

**ऑरेंज कैप**



ऋतुराज गायकवाड़
509 रन
चेन्नई

**पर्पल कैप**



टी. नटराजन
15 विकेट
हैदराबाद

**बाउंड्री मीटर**

1533 चौके

903 छक्के

# भारत ने टेस्ट में गंवाया नंबर-1 का ताज, वनडे-टी20 में बादशाहत बरकारार

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत शुक्रवार को जारी ताजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सालाना रैंकिंग अपडेट में पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गया। पांच दिवसीय प्रारूप में भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन आस्ट्रेलिया को शीर्ष स्थान गंवा दिया। भारतीय टीम ने वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिए गए हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट टीम रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है।



### पिछले साल तीनों फार्मेट में शीर्ष पर थी भारतीय टीम

भारतीय टीम पिछले साल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 टीम बनने में कामयाब रही। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था, जब टीम तीनों ही फॉर्मेट में नंबर-1 पर काबिज हो। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज के दौरान तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनी थी। भारत ऐसी दूसरी टीम रही जिसने एक ही समय में तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 का तमगा हासिल किया। इससे पहले साउथ अफ्रीकी टीम ही ऐसा कर पाई थी। साउथ अफ्रीका ने 28 अगस्त 2012 को यह उपलब्धि हासिल की थी।

### नौ टीम रैंकिंग में शामिल

**भारत मुख्यत** : 2020-21 में आस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के रैंकिंग के हटाए जाने से दूसरे स्थान पर खिसका। तीसरे से नौवें स्थान की रैंकिंग वाली टीम का क्रम समान है। अब केवल नौ टीम ही रैंकिंग में शामिल हैं क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड रैंकिंग में शामिल होने के लिए जरूरी टेस्ट नहीं खेलते हैं जबकि जिम्बब्वे ने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। एक टीम को रैंकिंग तालिका में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं।

### वनडे में भारत के 122 अंक

सालाना अपडेट के बाद भारत हालांकि वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के शत प्रतिशत अंक शामिल हैं। भारत भले ही आस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है। भारत के 122 अंक हैं। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तीसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया से अंतर कम किया है जो आठ से अब चार अंक का रह गया है। श्रीलंका पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड से महज दो अंक पीछे है।

**टेस्ट टीम रैंकिंग**

| रैंक | देश | मैच | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 30 | 124 |
| 2 | भारत | 26 | 120 |
| 3 | इंग्लैंड | 30 | 105 |
| 4 | द.अफ्रीका | 18 | 103 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 22 | 96 |

**वनडे टीम रैंकिंग**

| रैंक | देश | मैच | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 42 | 122 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 34 | 116 |
| 3 | द.अफ्रीका | 30 | 112 |
| 4 | पाकिस्तान | 26 | 106 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 33 | 101 |

**टी20 टीम रैंकिंग**

| रैंक | देश | मैच | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 47 | 264 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 33 | 257 |
| 3 | इंग्लैंड | 30 | 252 |
| 4 | द.अफ्रीका | 23 | 250 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 45 | 250 |

## खबर संक्षेप



### मेरा काम 13वें-14वें ओवर तक टिकना है

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मध्यक्रम को मजबूती देने की भूमिका बखूबी निभा रहे युवा नीतिश रेड्डी को भविष्य में भारतीय टीम के हरफनमौला के रूप में देखा जा रहा है चूंकि वह उपयोगी मध्यम तेज गेंदबाज भी हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पारी की शुरुआत करते हुए रेड्डी ने नाबाद 76 रन बनाए। नीतिश ने कहा, 'पिछले दो मैचों में जल्दी विकेट गिरने के कारण मुझे उतरना पड़ रहा था। मेरा काम 13वें 14वें ओवर तक टिकना है ताकि बाद में क्लासेन आक्रामक खेल सके। समद और क्लासेन को जल्दी उतारने का कोई मतलब नहीं अगर वे खुलकर नहीं खेल सकें।'

### अल्काराज चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे

**रोम।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की। इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गई थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा, "मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ। जांच के बाद चोट का पता चला। दुर्भाग्य से इसके कारण मैं रोम में नहीं खेल पाऊंगा।'



### टोटेनहम की चार दिन में दूसरी हार

**लंदन।** चेल्सी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।

**आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से अभी बाहर नहीं हुई दोनों टीमें**

# आरसीबी और गुजरात के लिए आज करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिए शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। रॉयल चैलेंजर्स दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है।

चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बने। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है।



### गुजरात के बल्लेबाज और गेंदबाज फेल



शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिए 700 से अधिक रन बनाए हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरुख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं। पिछले साल उन्होंने 8.24 की इकॉनॉमी रेट से 27 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजी में टीम को मोहम्मद शमी की कमी खल रही है जो सर्जरी के बाद उबर रहे हैं। उमेश यादव और मोहित शर्मा काफी महंगे साबित हुए हैं। मोहित ने 10 विकेट लिए लेकिन 11 से अधिक की दर से रन दिए हैं। उमेश सात ही विकेट ले सके हैं।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**
फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटंस**
शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

**खास खबर**

## एक दूसरे के प्रेरणास्रोत होंगे शुभंकर-गगनजीत





**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर को उम्मीद है कि खेलों के सबसे बड़े महासमर में गोल्फ के पदार्पण पर वे एक दूसरे का दबाव और तनाव कम करने में सहायक साबित होंगे। शर्मा और भुल्लर अंतरराष्ट्रीय गोल्फ रैंकिंग में क्रमशः 47वें और 52वें स्थान पर हैं और एक अगस्त से शुरू हो रही ओलंपिक गोल्फ स्पर्धा के लिए शीर्ष 60 में होने की वजह से क्वालीफाई कर लेंगे। ये दोनों खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल हैं। बीजिंग में वोल्वो चाइना ओपन खेल रहे शर्मा ने कहा, 'टॉप्स भारत सरकार की बेहतरीन पहल है जिससे योग्य खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिलता है। गगन एक चैंपियन गोल्फर है और मैं उसका काफी सम्मान करता हूं। उसमें जीत की ललक है और हम एक दूसरे के मददगार साबित होकर पेरिस में भारत का परचम लहराएंगे।'

### स्वियाटेक ने फाइनल में बनाई जगह



*मैड्रिड। इगा स्वियाटेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियाटेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरुष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।*

### ट्रॉफी का अनावरण...



**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जाइंट के कप्तान सुभाशीष बोस (बाएं) और मुंबई सिटी एफसी के कप्तान राहुल भेके (दाएं) शुक्रवार को कोलकाता में आईएसएल फाइनल की पूर्व संध्या पर इंडियन सुपर लीग ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।

### भारतीय महिला टीम करेगी द. अफ्रीका की मेजबानी

**बेंगलुरु।** भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी। इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

## इंग्लैंड, बांग्लादेश, अफ्रीका में टेस्ट खेलेगा पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान अगस्त 2024 से जनवरी 2025 के बीच इंग्लैंड, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तीसरे चक्र के तहत सात टेस्ट खेलेगा।

पाकिस्तान में इंग्लैंड की टीम दो और बांग्लादेश तीन टेस्ट खेलेगी। इसके बाद पाकिस्तानी टीम दक्षिण अफ्रीका में तीन टी20, तीन वनडे और दो टेस्ट खेलेगी। पाकिस्तान ने अभी तक दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को बताया कि डरबन, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग में 10 से 14 दिसंबर के बीच टी20 मैच होंगे जबकि वनडे मैच 17 से 22 तक पार्ल, केपटाउन और जोहानिसबर्ग में खेले जाएंगे। टेस्ट मैच सेंचुरियन (26 से 30 दिसंबर) और केपटाउन (तीन से सात जनवरी) में खेले जाएंगे।

### *श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे टी20 विश्व कप के लिए मैच अधिकारी*

**दुबई।** अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल के अलावा सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्र्यू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

**15 सदस्यीय दल ओलंपिक कोटा के लिए देगा चुनौती**

# भारतीय धावकों से विश्व रिले में अच्छे नतीजे की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नसाउ

भारत का 15 सदस्यीय मजबूत दल नसाउ में शनिवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स रिले बहामास 24 में दमदार प्रदर्शन के साथ तीनों श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक का कोटा सुनिश्चित करना चाहेगा।

भारतीय पुरुष चार गुणा 400 रिले टीम पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रही है। इस टीम ने टोक्यो ओलंपिक में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इसके बाद पिछले अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका के खिलाड़ियों को चुनौती दी। टीम ने हांग्झोउ एशियाई खेलों में तीन मिनट 01:58 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद बुडापेस्ट में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी द्वारा बनाए गए 2:59.05 सेकंड के राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि इस चौकड़ी का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 05:71 सेकेंड रहा है। यह उनके हांगझोउ के प्रदर्शन से लगभग चार सेकेंड अधिक है। ओलंपिक के लिए विश्व रिले प्रारूप के अनुसार शनिवार को प्रत्येक हीट में से दो शीर्ष टीमें फाइनल में पहुंचने के साथ पेरिस का टिकट पक्का करेगी। भारत पुरुष, महिला और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में टीमें उतरेगा। इसमें पुरुष चौकड़ी पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।



### चार गुणा 400 मीटर रिले टीम

भारत ने आठ सदस्यीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम यहां भेजी है, जिसमें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमोज जैकब, मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की चौकड़ी शामिल है। टीम में 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के मिश्रित रिले स्वर्ण पदक विजेता राजीव अरोकिया, नूह निर्मल टॉम, यशस पलाक्ष और अविनाश कृष्ण कुमार भी शामिल हैं। अमोज, अरोकिया, निर्मल और अनस की चौकड़ी ने भी टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। उन्होंने तीन मिनट और 00:25 सेकेंड के समय के साथ सराहनीय प्रदर्शन किया था, लेकिन एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए थे।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
जबलपुर अंचल कार्यालयः राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोनः 0761- 2480065 ई–मेलः dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता – श्री आशीष चौरसिया, श्रीमती सुमन चौरसिया, | Rs.12,86,730/- + ब्याज दिनांक 08.12.2023 से बकाया एवं अन्य खर्चे देय | संपत्ति का विवरण– निर्माण और फिक्स्चर के साथ भूमि और संपत्ति के वे सभी टुकड़े और पार्सल जो माढ़ोताल, तहसील और जिला जबलपुर में हैं और पड़े हैं, खसरा नंबर (भाग)104/3, 109/4, 108/2, 104/4, 108/3, 109/5, 103/1,103/2,103/3,103/4,110/3,110/4,11/3,100/1,104/1,109/2,110/1,111/2,11/5,100/2,104/2, 109/3,110/2,111/3, पी.एच नंबर 25, टावर-5, ब्लाक-ई, फ्लैट नंबर 504, पहली मंजिल का क्षेत्रफल 434 वर्ग फुट है। चतुर्सीमा – उत्तर – कालोनी की उप सड़क, दक्षिण – बालकनी, पूर्व – फ्लैट नंबर 503बी, पश्चिम – फ्लैट नंबर 505 मालिक– श्री आशीष चौरसिया और श्रीमती सुमन चौरसिया | 08/12/2023 / 30/04/2024 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।
स्थान – जबलपुर, दिनांकः 04/05/2024
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र




## एक वर्ष में 11 नए ब्लैक स्पॉट हुए चिन्हित

- कहीं सड़क इंजीनियरिंग तो कहीं पर जिला प्रशासन हुआ फेल
- हर रोज बीस लोग हो रहे सड़कों पर घायल

# साल दर साल बढ़ रहा सड़क दुर्घटनाओं में मौतों का आंकड़ा

संजय साहू

**जबलपुर।** जिले की सड़कों पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं है। इसकी बानगी बीते तीन साल के आंकड़ों में देखने को मिल रही है। साल दर साल दुर्घटनाओं में हो रही मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। बीते एक वर्ष में पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पाट की संख्या भी बढ़ गई है। दरअसल वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 545 लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं।

उल्लेखनीय है कि यातायात पुलिस विभाग के पास दुर्घटनाओं के ऐसे आंकड़े हैं जो न सिर्फ डरा रहे हैं, बल्कि ये सोचने पर मजबूर करते हैं कि ऐसा भी हो सकता है। विभागीय आंकड़ों की बात करें तो सिर्फ वर्ष 2023 में 4205 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 545 लोगों की मौत हो चुकी है, इतना ही नहीं इन दुर्घटनाओं में 4753 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत ऐसी है कि अब वह सिर्फ बिस्तर के सहारे ही पड़े हुए हैं। दुर्घटनाओं के पीछे जो कारण सामने आया है, उसमें सड़क इंजीनियरिंग की कमी देखी जा ही है। हालांकि विभाग इसमें अपनी गलती मानने को तैयार ही नहीं है। जबकि यातायात पुलिस द्वारा 11 नये ब्लैक स्पॉट भी नये चिन्हित किये गये हैं।





सड़क दुर्घटना की जानकारी
जिला जबलपुर (वर्ष 2021-2022-2023-2024)

| माह | कुल दुर्घटना | | | | मृतक | | | | घायल | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
| जनवरी | 434 | 340 | 502 | 489 | 43 | 30 | 63 | 56 | 415 | 379 | 568 | 584 |
| फरवरी | 365 | 363 | 366 | 447 | 36 | 33 | 41 | 41 | 352 | 384 | 421 | 562 |
| मार्च | 350 | 440 | 384 | 0 | 34 | 39 | 44 | 0 | 356 | 483 | 449 | 0 |
| अप्रैल | 231 | 261 | 269 | 0 | 32 | 27 | 50 | 0 | 221 | 262 | 264 | 0 |
| मई | 182 | 264 | 327 | 0 | 38 | 48 | 57 | 0 | 191 | 276 | 350 | 0 |
| जून | 265 | 273 | 348 | 0 | 49 | 32 | 36 | 0 | 261 | 264 | 394 | 0 |
| जुलाई | 324 | 315 | 334 | 0 | 41 | 42 | 39 | 0 | 296 | 314 | 365 | 0 |
| अगस्त | 341 | 376 | 358 | 0 | 37 | 51 | 39 | 0 | 316 | 406 | 400 | 0 |
| सितम्बर | 331 | 329 | 343 | 0 | 34 | 41 | 44 | 0 | 333 | 312 | 368 | 0 |
| अक्टूबर | 376 | 346 | 321 | 0 | 31 | 37 | 30 | 0 | 355 | 369 | 380 | 0 |
| नवम्बर | 384 | 377 | 332 | 0 | 41 | 44 | 50 | 0 | 400 | 409 | 383 | 0 |
| दिसम्बर | 272 | 338 | 314 | 0 | 51 | 57 | 52 | 0 | 258 | 323 | 351 | 0 |
| योग | 3850 | 4046 | 4205 | 936 | 467 | 481 | 545 | 97 | 3756 | 4181 | 4753 | 1146 |

### सड़कों की हो रही अनदेखी

जानकारों का कहना है कि जिले में जितनी भी सड़कें है, उनमें नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी, व एनएचएआई द्वारा बनाई गई हैं, इन सड़कों में अधिकांश सड़कें ऐसी हैं जहां से निकलना मतलब जान जोखिम में डालना है। खासतौर से निगम द्वारा शहर के अंदर सड़कों का निर्माण किया जाता है और उसके बाद उसे खोद दी जाती है, जिससे जो गड्ढा होता है, उसको पूरी तरह नहीं भरा जाता जो दुर्घटना का कारण बन जाता है।

### एनएचएआई और एमपीआरडीसी भी नहीं दे रहा ध्यान

गौरतलब है कि जिले में नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे भी मौजूद हैं इन हाईवे को एनएचएआई व एमपीआरडीसी द्वारा बनाया गया है। हाइवे में ब्लैक स्पॉट भी बहुत हैं जहाँ पर हर रोज कोई न कोई दुर्घटना का शिकार हो रहा है। चिन्हित किए गए इन स्थानों में ओव्हर ब्रिज की मांग लगातार हो रही है। यातायात पुलिस द्वारा अनेक बार दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ये मांग कर चुका है। परंतु उनकी मांग पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### टॉप 3 में है जबलपुर

देश के दस लाख से अधिक आबादी वाले महानगरों में जबलपुर टॉप टेन में भी नहीं है। लेकिन चौपट यातायात व्यवस्था की बदौलत हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के मामले में जरूर जबलपुर का देश के महानगरों में तीसरा स्थान है। पहले स्थान पर चैन्नई दूसरे पर नई दिल्ली है। साल भर में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की संख्या में भी जबलपुर का तीसरा स्थान है। जबकि महानगरों में इन दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या के लिहाज से जबलपुर का दसवां नम्बर है।

### जबलपुर में साल दर साल ऐसे बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

2017- 3303
2018-3419
2019-3397
2020-3226
2021-3855
2022-4046
2023-4205
2024 फरवरी तक-936

### विभाग को पत्राचार किया गया है

जबलपुर जिले में एक वर्ष पूर्व 27 ब्लैक स्पॉट चिन्हित थे जो अब बढ़कर 38 पहुंच गए हैं ये चिंता का विषय है। जो सड़क दुर्घटनाऐं हो रहीं हैं, उसमें कहीं सड़कों की गुणवत्ता है तो कहीं पर ट्रैफिक सिग्नल की आवश्यकता है, और हाईवे पर ओव्हर ब्रिज की जरूरत है, जिसके लिए विभाग द्वारा पत्राचार किया गया है।

**-प्रदीप शेंडे** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात

### सड़कों को किया जाएगा दुरूस्त

ऐसा नहीं है कि सड़क इंजीनियरिंग में कोई कमी है, हा ये जरूर है कि स्पीड की वजह से अनेक स्थानों पर परेशानी हो रही है, और जहां पर भी पेंच वर्क होना है वहां पर वह किया जा रहा है, जल्द ही शहर की समस्त सड़कों को दुरूस्त कर लिया जायेगा।

**-अजय शर्मा** कार्यपालन यंत्री नगर निगम

## छात्र करा रहे हैं ऑनलाइन पंजीयन, पारंपरिक कोर्स की तरफ रूझान

एडमीशन को लेकर कॉलेजों में हेल्प डेस्क बनाए गए

# प्रवेश प्रक्रिया को लेकर बढ़ रही छात्रों की संख्या

**जबलपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रवेश को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने आनलाइन काउंसिलिंग शुरू कर दी। एडमीशन को लेकर छात्र महाविद्यालयों में जानकारी लेने पहुंच रहे है। कई छात्र महाविद्यालय पहुंचकर पंजीयन करा रहे तो कई आनलाइन पोर्टल मे जाकर स्वयं ही पंजीयन कर रहे है।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्रों में पारंपरिक कोर्स की तरफ रूझान ज्यादा देखने को मिल रहा है। एडमीशन को लेकर कालेजों में हेल्प डेस्क बनाए गए है। जिसमें छात्रों की जिज्ञासा को समाधान किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के बाद दो मुख्य और एक कालेज स्तर पर काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद 20 मई तक दस्तावेजों का सत्यापन होगा।

### प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्था में काफी बदलाव

विशेषज्ञों ने बताया कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्था में काफी बदलाव किया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी से एकेडमी बैंक आफ क्रेडिट (एबीसी)-समग्र आईडी बताना है। साथ ही पहली मूल निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य किया है। ये जानकारी देने के बाद ही विद्यार्थियों की पंजीयन पूरा माना जाएगा। उसके बाद ही दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक ज्यादातर विद्यार्थियों के पास एबीसी आइडी नहीं है, जो पंजीयन के दौरान बनाया जा सकता है।

### पंजीयन की प्रक्रिया को पूरा माना जाएगा

शहर के सरकारी-निजी कालेजों से संचालित पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। विभाग ने पारंपरिक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 1 से 20 मई तक पंजीयन होंगे। इस बार प्रवेश नियमों में बदलाव किया है। पहली बार समग्र-एबीसी आइडी, मूल निवासी, विधानसभा क्षेत्र के बारे में जानकारी देना है। उसके बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया को पूरा माना जाएगा। उसके बाद ही छात्र-छात्राएं अंकसूची, आय-जाति प्रमाण पत्र अपलोड कर सकेंगे।

### मेरिट के आधार पर कॉलेज आवंटित होंगे

अधिकारियों के मुताबिक से दस्तावेजों का सत्यापन कई कालेजों में शुरू हो गया है। सरकारी कालेजों को हेल्प सेंटर बनाया है। सत्यापन की प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों को पसंदीदा कालेज व कोर्स चुनना होंगे। इसके बाद विद्यार्थियों की मेरिट बनाई जाएगी। उसके आधार पर कालेज आवंटित होंगे।

# मेडिकल प्रवेश की कठिन परीक्षा नीट कल

**जबलपुर।** डॉक्टर बनने के लिए 12वीं के बाद सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओ नीट पहले पायदान पर है। 5 मई को जबलपुर सहित देशभर में 557 और अन्य देशों में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर तकरीबन 24 लाख विद्यार्थी डॉक्टर बनने का सपना लिए प्रवेश परीक्षा शामिल होंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) निट 2024 परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग के निर्देश पर कर रहा है। रविवार को जबलपुर शहर के प्रमुख स्कूल कॉलेज में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए एनटीए को खासी मशक्कत करना पड़ी थी। इस समय सूरज की गर्मी पारे को 40 डिग्री करीब पहुंचने को बेताब हो रहा है। लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। ऐसे में मेडिकल की कठिन परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के सामने भरपूर गर्मी मे चुनौती यह है कि परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 5.20 बजे तक निर्धारित किया गया है, लेकिन शहर से 10 से 12 किलोमीटर दूर बने परीक्षा केंद्रों पर चिलचिलाती गर्मी में विद्यार्थियों को 11 बजे पहुंचना है, यानी 3.20 घंटे की परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को 3 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य रहेगा। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 1.30 बजे तक ही दिया जाएगा। यानी विद्यार्थियों को भर दोपहरी में परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए मशक्कत करना होगी।

# मौसम शुष्क; अब पारा लेगा उछाल

*तापमान में बढ़त और लू-लपट के बने आसार*



**जबलपुर।** मौसम में बदलाव की गुजाइंश अब खत्म हो गई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है। इस बीच मौसम शुष्क होने के बाद अब तापमान सरपट दौड़ेगा और लू-लपट के आसार भी बन रहे है। मौसम विभाग का कहना है कि आज से मौसम एकदम शुष्क हो जायेगा और उछाल मारेगा। चहकते अंगारे जैसी लगने वाली धूप पल भर में शरीर को पसीने से नहला देती है। दिन में तेज धूप में पसीना बह रहा है तो रात में उमस बेचैन कर रही है। मौसम विभाग की मानें तो अभी पारा 40 से 42 डिग्री के बीच ही चलेगा। पश्चिमी हवाओं के कारण मौसम एकदम शुष्क हो गया है। बेहद तीखी गर्मी के बीच दिन में लू के थपेड़े अब शरीर को झुलसाने लगे हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिणी उत्तरप्रदेश और उत्तरी मध्यप्रदेश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में हवा के कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है, इसकी वजह से बीच-बीच में हल्के बादल आ रहे हैं। इसके बावजूद पारा उछाल ले रहा है। फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 19.06 डिग्री सामान्य से 7 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 27 प्रतिशत और सायंकाल 15 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.35 पर और सूर्यास्त शाम 6.39 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 41 डिग्री तापमान नरसिंहपुर में दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी हवायें 3 से 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 27.7 और न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## एचआईवी कॉउंसलर चयन को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** नरसिंहपुर के स्वास्थ्य विभाग में एचआईवी कॉउंसलर के पद में भर्ती के दौरान की गई अनिमितता को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। नरसिंहपुर निवासी मनीषा पटेल की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने नरसिंहपुर के कलेक्टर, सीएमओ स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब तलब किया हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता सुषमा बैरागी ने न्यायालय को बताया कि, एचआईवी कॉउंसलर की चयन सूची में याचिकाकर्ता का सबसे अधिक अंक होने के कारण पहला नाम था, किन्तु उसका चयन न कर, सूची में कम अंक पाने वाले उम्मीदवार का चयन कर दिया गया।




## *कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से*

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा।




**दोहरा हत्याकांड** — डेढ़ महीने से पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी

# पहले ठिकाने बदल रहा था अब बदल रहा भेष

**जबलपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रेलवे मिलेनियम कालोनी में गत 40 दिन पहले हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुकुल सिंह मथुरा में घूम रहा है। आरोपी के साथ उसकी कथित नाबालिग प्रेमिका भी है। दोनों पुलिस को चकमा देकर घूम रहे है उनके सीसीटीव्ही फुटेज भी सामने आ रहे है, पर आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहे है। पहले वारदात के बाद आरोपी बार-बार लोकेशन बदल रहे थे अब भेष भी बदलने लगे है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को आरोपियों के उत्तर प्रदेश मथुरा जिले के आरा में मिलने की जानकारी मिली है। इस बीच पुलिस के पास आरोपी और नाबालिग के मथुरा में घूमते हुए कई फुटेज भी पुलिस के हाथ आए है। इसके बाद मथुरा पहुंची जबलपुर पुलिस ने छानबीन की तो फुटेज 10 और 11 अप्रैल के होने का पता लगा। इन फुटेज में आरोपी मथुरा के बस स्टेंड सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर दिख रहा है। उसके साथ हर स्थान पर नाबालिग भी साथ चल रही है।



फुटेज की जांच से यह भी पता चला है कि मुख्य आरोपी ने अपना भेष बदल लिया है।

पुलिस के अनुसार अब आरोपी और नाबालिग प्रेमिका लगातार भेष बदल रहे है। सीसीटीव्ही फुटेज सामने आए है उसमें नाबालिग गोली टोपी के साथ आधुनिक परिधान में नजर आ रही है। उसका भेष किसी पर्यटक की तरह लग रहा है। उसी के साथ चल रहा मुख्य आरोपी मुकुल नीले रंग का ट्राली और काले रंग का हैंड बैग पकड़ा नजर आ रहा है।

### कहां से मिल रही मदद

फरारी के दौरान पुणे और कर्नाटक में एटीएम कार्ड से आरोपी द्वारा भुगतान किए जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि छत्तीसगढ़ से मुकुल के बैंक खाता में राशि स्थानांतरित हुई थी। एक एटीएम नाबालिक के मृतक पिता के बैंक से लिंक मिला था। इसके बाद पुलिस ने मुकुल के दो और मृतक राजकुमार का एक बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया है। बैंक खाता फ्रीज होने के बाद भी पुलिस इस बात से हैरान है कि आखिर आरोपियों को आर्थिक मदद कहां से मिल रही है।

### डेढ़ महीने से पुलिस के हाथ खाली

घटना के बाद लगभग डेढ़ महीने हो गए है, मुख्य आरोपित और मृतक की नाबालिग बेटी फरार है। जबलपुर रेल मंडल में कार्यालय अधीक्षक और मिलेनियम कालोनी ब्लाक 363/3 निवासी 52 वर्षीय राजकुमार विश्वकर्मा और उनके बेटे 9 वर्षीय तनिष्क की 14 और 15 मार्च की मध्यरात्रि रात निर्मम हत्या कर दी गई थी। दोनों का शव सरकारी क्वार्टर के अंदर मिला था। राजकुमार का शव पालिथिन में बंद था। तनिष्क का शव फ्रिज के अंदर मिला था। इस हत्याकांड में कालोनी में रहने वाला और रेलवे संरक्षा विभाग में कार्यालय अधीक्षक राजपाल सिंह का बेटा मुकुल सिंह मुख्य आरोपी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240